# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 24 मई 2025



सादर आभार

भव्य शुभारंभ में उपस्थित समस्त अतिथियों,
रायपुरवासियों तथा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से
सहयोगी मित्रों का ITSA परिवार की
ओर से हार्दिक आभार...

ITSA HOSPITALS

HEALTHCARE.
HOSPITALITY.
HARMONY.

350 BEDS
MULTISPECIALITY &
PEDIATRIC HOSPITAL

Near Ambuja City Centre Mall,
Saddu, Raipur C.G. 492014

+91 7880110000, +91 7880120000

www.itsahospitals.com






## प्रदेशभर में दुर्ग के धमधा ब्लॉक में होती है सबसे ज्यादा 1.90 लाख मीट्रिक टन टमाटर की खेती

# पानी के बाद पाक को अब टमाटर देना रोका, बांग्लादेश भी नहीं भेजेंगे

**देवीलाल साहू/ भिलाई।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान में बढ़े तनाव के बीच भारत सरकार ने पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया था। अब दुर्ग जिले के धमधा के किसानों ने भेजा जाने वाला टमाटर रोक दिया है। आपरेशन सिंदूर को लेकर देशभर में इन दिनों जनजागरूकता अभियान चला रही है। धमधा के किसानों ने पाकिस्तान को एक मैसेज देने के लिए टमाटर पाकिस्तान भेजना बंद कर दिया है। छत्तीसगढ़ प्रदेशभर में धमधा ब्लॉक में सबसे ज्यादा 9514 हेक्टेयर क्षेत्रफल में टमाटर लगाई जाती है। जिसमें सालाना 1.90 लाख मीट्रिक टन टमाटर की पैदावारी होती है। इस एरिया के 99 प्रतिशत किसान पाकिस्तान के लिए 1.10 लाख मीट्रिक टन टमाटर दलालों के माध्यम से भेजा करते थे। जिसे अब बंद कर दिया गया है।

**इन प्रकरणों से समझिए टमाटर पर रोक**

**केस 1**

धमधा ब्लॉक के डोमा पथरिया के किसान संदीप सोलंकी ने 16 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की फसल ली है। वे बताते हैं कि वे लोकल टमाटर बेचते नहीं हैं। इनका टमाटर पाकिस्तान भेजा जा रहा था। आपरेशन सिंदूर के बाद उन्होने स्वयं से निर्णय लेकर इसे बंद किया। वे दीगर राज्यों में टमाटर भेज रहे हैं।

**केस 2**

धमधा ब्लॉक के कन्हारपुरी के किसान पोखराज टमाटर उत्पादन के बड़े किसान हैं। वे हर साल 30 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की पैदावारी करते हैं। वे बताते हैं कि उनका टमाटर पहले पाकिस्तान तक भेजा जा रहा था। इन दिनों आसपास के राज्यों में टमाटर भेज रहे हैं।

**केस 3**

धमधा ब्लॉक के पथरिया के किसान लीमन साहू ने 13 एकड़ में टमाटर उत्पादन करते हैं। वे बताते हैं कि लोकल में टमाटर नहीं बेचते। टमाटर एजेंटों के माध्यम से उनका टमाटर पाकिस्तान तक जाता था। इन दिनों उसे बंद कर दिया है । उनका संकल्प है कि वे आगे भी पाकिस्तान के लिए टमाटर नहीं देंगे।



**किसानों की पहल बनी मिसाल**

दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक टमाटर की बंफर पैदावारी के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश में विख्यात है। यहां खास किस्म की टमाटर भी होती है जो टिकाऊ होती है। मौसम की मार भी सहन करने की क्षमता होती है। इसलिए पाकिस्तान व बांग्लादेश तक इसकी डिमांड है और यहां से ट्रांसपोर्टिंग होती रही है। किसानों ने पाकिस्तान टमाटर नहीं भेजने का जो संकल्प लिया है वह देश के लिए मिसाल है।

\- **झबेंद्रभूषण वैष्णव**, महासचिव, छग प्रगतिशील किसान संगठन

### इस तरह जाता है धमधा का टमाटर पाकिस्तान

किसानों के मुताबिक टमाटर की ट्रांसपोर्टिंग राष्ट्रीय एजेंटों के माध्यम से होता आ रहा है। रायपुर राजधानी में ऐसे एजेंट होटलों में आकर रूकते हैं। ये एजेंट लोकल एजेंटों के संपर्क में होते हैं और वे किसानों तक पहुंचते हैं। सौदा तय होने के बाद टमाटर बाड़ियों में ट्रकें लगाई जाती है। ट्रकें पहले कलक्ता, गोरखपुर, नेपाल तक जाती है। यहां से पाकिस्तान तक पहुंचाया जाता है।

### संकल्प लेने के बाद यहां भेज रहे टमाटर

पथरिया के किसान लीमन साहू, डोमा के किसान संदीप सोलंकी, भाठाकोकड़ी के किसान नेतराम , कन्हारपुरी के पोखराज, अलखूराम, परसुली के किसान लालाराम, रमेश, घोठा के किसान रामाधार, रामावतार, तुमाखुर्द के थानू पटेल सहित सैकड़ों किसान हैं जो टमाटर पाकिस्तान नहीं भेजने का संकल्प लिया है। वे बताते हैं कि टमाटर की पैदावारी हर साल करते हैं। इन किसानों ने बताया कि टमाटर की खपत नागपुर, नासिक, उत्तरप्रदेश, नोएडा, दिल्ली, आंध्रप्रदेश के व्यापारियों को बेचा जा रहा है। यहां के किसान वर्तमान में 200 रुपए प्रति कैरेट के हिसाब से टमाटर खरीदकर ले जा रहे हैं।

**बीएसएफ कैम्प पहुंचे मुख्यमंत्री**

## फोर्स के अदम्य साहस और शौर्य को नमनः सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज ओरछा ब्लॉक के ग्राम बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प में जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने जिस तरह रणनीति बनाकर ऑपरेशन को अंजाम दिया और कामयाबी हासिल की वह काबिले-तारीफ है। फोर्स के इस अदम्य साहस और शौर्य को नमन है। बस्तर के माथे से जल्द माओवाद का कलंक पूरी तरह से मिट जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 को माओवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया है, वह पूरा होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कैम्प के जवानों को एलईडी सेट और प्रशस्ति पत्र भेंट किया तथा नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों को ऑउट ऑफ टर्न प्रमोशन पर जल्द विचार करने की बात भी कही। माओवादियों से मिले हथियारों का प्रदर्शन किया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत,, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी अमित तुकाराम काम्बले, आयुक्त जनसंपर्क डॉ. रवि मित्तल, कलेक्टर नारायणपुर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## करंट की चपेट में आने से दो मासूमों की मौत

**बिलासपुर।** कूलर की करंट के चपेट में आने से दो मासूम बच्चो की मौत हो गई है। मामला बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम बरतोरी का है। सीगारपुर कवर्धा निवासी जीतू गर्मी की छुट्टियां मनाने अपनी बड़ी मां के घर बरतोरी आई हुई है, गुरुवार सुबह जब घर के बड़े लोग गांव में मजदूरी करने गए थे, जीतू जायसवाल उम्र 14 वर्ष कूलर चालू कर रही थी, तभी उसे जोर का झटका लगा और वह कांपने लगी। उसे देखकर वहीं मौजूद लक्की जायसवाल उम्र 15 वर्ष दौड़कर बचाने गया, लेकिन दोनों ही करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़े। घटना की जानकारी लक्की के चाचा राजू जायसवाल को मिली। उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी और बच्चों को बिल्हा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।





**खड़गवां ब्लॉक के रतनपुर गांव की घटना**

## स्वास्थ्य मंत्री के ससुराल में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बैकुण्ठपुर

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के ससुराल में चोरी की वारदात सामने आई है। घटना खड़गवां ब्लॉक के रतनपुर गांव की है, जहां मंत्री के ससुर रामकृपाल जायसवाल के घर में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। खड़गवां पुलिस के अनुसार चोरों ने घर से एक मंगलसूत्र, पायल और करीब 15 हजार रूपए नगद चोरी कर लिए। घटना के समय घर के सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे, जिससे किसी को चोरों की भनक नहीं लग सकी। गौरतलब है कि मंत्रीका निजी निवास भी रतनपुर में ही स्थित है, जो उनके ससुराल से मात्र 500 मीटर की दूरी पर है।



### जल्द ही पकड़े जाएंगे आरोपी

थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि चोरों की पतासाजी की जा रही है, संदिग्धों से पूछताछ जारी है। डॉग स्क्वाड की भी मदद ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों का पता लगा लिया जाएगा।




हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





# 40 बरस में पहली बार सूखी शिवनाथ, 54 गांवों में पानी सप्लाई बंद

# एक-एक बूंद के लिए ऐसा संघर्ष कि कुएं में बैठाना पड़ा पहरा

## पेयजल सप्लाई प्लांट हुआ बंद, दो माह से हाहाकार

*40 बरस में ऐसा पहली दफा है जब नवागढ़, बेमेतरा इलाके में शिवनाथ नदी का पानी सूख गया। इसका असर यह हुआ कि इसके जरिए 54 गांवों में मीठा पानी पहुंचाने के लिए लगे वाटर सप्लाई प्लांट भी ठप हो गया, जिस वजह से इलाके में बूंद बूंद के लिए संघर्ष हो रहा है। 54 गांव इससे प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में आंदू की हालत तो ऐसी हो चुकी है कि यहां के इकलौते कुएं में पानी की सुरक्षा के लिए रात में पहरा बैठाना पड़ रहा है। दरअसल, कुआं भी तकरीबन सूखा है। रातभर में इसमें थोड़ा बहुत ही पानी इकट्ठा हो पाता है, जिसकी सुरक्षा के लिए पहरा बैठाया जा रहा है।*

संजय जोशी ▶▶| रायपुर/नवागढ़

हरिभूमि लाइव

खारा पानी की समस्या दूर करने के लिए ही यहां नदी से पानी देने प्लांट लगाया गया था, लेकिन अभी हालत यह है कि गांव के बोर सूख चुके हैं। नदी सूखी चुकी है। हरिभूमि से गांव की समस्या को साझा करते हुए ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। आंदू निवासी राधाबाई डेहरे ने बताया कि गांव के तालाब सूख चुके हैं। जो सरकारी नल से पानी आ रहा था, वह भी दो महीने से बंद हो गया है। पीने व निस्तारी के लिए घोर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत द्वारा मोटर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### पानी सप्लाई का हर संभव प्रयास

जिले में शिवनाथ नदी के सूख जाने व भू-जल स्तर गिरने के कारण नल जल योजना पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई है। ऐसे हालात में जल संकट से निपटने शहरी क्षेत्र में टैंकरों से पानी व ग्रामीण क्षेत्रों के 168 गांवों में नल-जल योजना से कम मात्रा में ही सही पर पानी सप्लाई का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। **-रणबीर शर्मा**, कलेक्टर, जिला बेमेतरा

### बांध में ही पानी नहीं तो नदी में कहां से लाएं

जिला जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता सीएस शिवहरे का कहना है, तांदूला बांध व मोंगरा बैराज में क्षमता से बहुत कम 15 प्रतिशत के आस-पास ही पानी बचा है, जो शिवनाथ नदी को वर्तमान में पुनर्जीवित नहीं कर सकता है। किसानों ने गर्मी में धान की फसल व स्थानीय लोगों ने रेत उत्खनन किया, जिसके चलते नदी के संचित पानी का दुरुपयोग किया, जिससे नदी सूख गई।


**सरपंच बोले**

### मुसीबत बड़ी

बालासमुंद के सरपंच इंदल कुर्रे ने कहा कि भू-जल स्तर गिरने के कारण पेयजल व निस्तारी की भारी समस्या हो रही है। जैसे- तैसे एक्का-दुक्का मोटर पंप जो रुक रुककर चल रहे हैं, उसी से किसी तरह जीवन चला रहे हैं। तालाबों में भी नहीं के बतौर पानी है। दो टाटा डीआई वाहान के माध्यम से 2-2 हजार लीटर क्षमता की टंकियों में पास के गांव जोगीपुर से पीने की पानी लाया जा रहा है।

### भयंकर समस्या

ग्राम पंचायत आंदू के सरपंच भरत साहू का कहना है कि पंचायत आंदू,आश्रित ग्राम घठोली, बिरमपुर तीनों गांवों में पेयजल व निस्तारी दोनों की ही भयंकर समस्या हैं। भू-जल स्तर गिरने से व्यवस्था बिगड़ गई है, तालाब, कुएं सुख गए हैं, ऐसे हालात से निपटने एक-दो दिन में टैंकर से पानी सप्लाई कराने की योजना बना रहे हैं।



### बरसात होने पर ही प्लांट से पानी सप्लाई

जिला पीएचई मुख्य कार्यपालन अभियंता जेपी सिदार का कहना है कि करीब दो महीने से शिवनाथ नदी में पानी न होने के कारण अमोराघाट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खारा व कम भू-जल प्रभावित करीब 54 गांवों में पेयजल आपूर्ति बंद है, अब पेयजल की सप्लाई प्लांट से तभी हो पाएगा, जब नदी में बरसात का पानी आ जाएगा।

## नक्सलियों का गढ़ ढह रहा, सीएम पहुंचे नारायणपुर, 27 को ढेर करने वाले जवानों का बढ़ाया हौसला

# नक्सली लीडर बसव की डायरी ने उगला 'भय', उसकी मौत से सहमे 24 का सरेंडर, इधर, गढ़चिरौली में चार और मार गिराए

अबूझमाड़ में माओवाद की रीढ़ माने जाने वाले लीडर बसव राजू की मौत से नक्सल संगठन में इतनी दहशत भर गई है कि शुक्रवार को बीजापुर में नक्सलियों का एक पूरा दल सरेंडर करने पहुंच गया। 24 नक्सलियों ने एसपी के सामने सरेंडर किया। खास बात यह है कि सभी ईनामी नक्सली हैं। इधर, मारे गए नक्सली लीडर बसव राजू की डायरी में भी मौत का भय छिपा नजर आया। डायरी में उसने नक्सलियों को इलाका छोड़ने कहा है। कल मारे गए 27 नक्सलियों के शव को नारायणपुर लाया गया, जहां कुछ के परिजन शव लेने पहुंचे। इस बीच छग महाराष्ट्र सीमा पर गढ़चिरौली में जवानों ने चार नक्सली मार गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/नारायणपुर

बताया जा रहा है कि अबूझमाड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सली चीफ वसवराजू के डेरे से डायरी मिली है, दरअसल यह पूरी डायरी नहीं, पन्ने हैं। इसमें उसका भय साफ झलक रहा है। डायरी में बसव ने अपने साथियों को डीआरजी जवानों से बचने की नसीहत दी है। उसने लिखा है कि आप लोग जहां भी हो,छिप जाओ।आप लोगों को खोज कर फोर्स मार देगी। डायरी में ये लाइनें लाल स्याही से लिखी गई है।

गौरतलब है कि डीआरजी का गठन साल 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह की पहल पर हुआ था। एनकाउंटर के मौक़े से बरामद एक डायरी में नक्सल नेता बसव राजू ने अपने साथियों के नाम संदेश लिखते हुए कहा है, आप लोग जहाँ भी हो छिप जाओ आप लोगों को खोज कर डीआरजी के जवान मार देगे। पुलिस सूत्रों से मिली डायरी की तस्वीरों में लाल रंग के पेन से लिखा गया उक्त संदेश साफ तौर पर पढ़ा जा सकता है। बसव राजू के इस संदेश से साफ है कि, नक्सलियों में डीआरजी का ख़ौफ़ व्याप्त है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सोशल मीडिया में वायरल पन्ना बसवराजु के डायरी का हिस्सा है या नहीं इसकी तस्दीक की जा रही है। बस्तर में नक्सलियों से लोहा लेने के लिए वैसे तो सीआरपीएफ, एसटीएफ, बीएसएफ, बस्तर बटालियन, बस्तर फाइटर की टीम तैनात हैं। लेकिन इनके अलावा एक और फोर्स तैनात है जो नक्सलियों से मुठभेड़ में सबसे आगे होती है, यही टीम सबसे पहले नक्सलियों से भिड़ती है। इस फोर्स को डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड यानी डीआरजी कहा जाता है।

नक्सलियों से लड़ाई की शुरुआती दौर में साल 2008 में हुआ था।तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने ऐसा महसूस किया कि नक्सलियों से लड़ रही सुरक्षाबलों की टीम उनके सफाए के लिए ▶▶| शेष पेज 5 पर

## साय बोले-हिंसा छोड़ विकास की ओर, समर्पण ऐतिहासिक निर्णय



*रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की प्रभावी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति - 2025 और 'नियद नेल्ला नार योजना' के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों के समक्ष कुल 87 लाख 50 हजार रुपये के इनामी 24 हार्डकोर नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इनमें से 20 नक्सलियों पर 50,000 से लेकर 10 लाख तक के इनाम घोषित थे।*

*मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मार्च 2026 तक देश-प्रदेश से लाल आतंक का समूल नाश निश्चित है।* ▶▶| शेष पेज 5 पर

### जवानों का हौसला बढ़ाने पहुंचे सीएम

नारायणपुर। 27 नक्सलियों को मार गिराने वाले जवानों का हौसला बढ़ाने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को ओरछा ब्लाक के बासिंग पहुंचे। यहां बीएसएफ के कैंप में जवानों से मिले। उन्होंने नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर की सरहदी पहाड़ियों में चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन में 27 ▶▶| शेष पेज 5 पर



**एक पर था दस लाख का ईनाम**

## 24 ने डाले हथियार

हनुमंतराव उर्फ पाडूं समेत अन्य पर था 87 लाख का ईनाम

दो दिन पूर्व माड़ में 10 करोड़ के ईनामी सीसीएम महासचिव नंबाला केशवराव उर्फ बसवराज उर्फ बीआर दादा समेत 11 करोड़ 73 लाख रुपए के ईनामी 27 नक्सलियों को फोर्स द्वारा एनकाण्टर में ढेर करने के बाद नक्सल संगठन में भय दिखने लगा है। शुक्रवार को इसका असर जिला मुख्यालय बीजापुर में देखने मिला, जब 87 लाख के ईनामी ▶▶| शेष पेज 5 पर



### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 10 लाख का ईनामी हनुमंत राव अंगनपल्ली ऊर्फ पाण्डू ऊर्फ राकेश (42), निवासी तमलापल्ली निर्मलगुड़ापारा थाना मद्देड़ जिला बीजापुर के अलावा 8-8 लाख के ईनामी मंगली कोरसा ऊर्फ जैनी (37), निवासी मनकेली पटेलपारा, संपत पूनेम ऊर्फ ▶▶| शेष पेज 5 पर

### दलम कमांडर सहित चार नक्सली मारे गए

मोहला-मोहला। मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले से सटे महाराष्ट्र गढ़चिरौली जिले में माओवादी व एंटी नक्सल यूनिट सी 60 के साथ हुई मुठभेड़ में भामरागढ़ दलम के दलम कमांडर सहित 4 माओवादी मुठभेड़ मे ढेर हुए हैं। मृतकों में दो महिला तथा दो पुरुष शामिल है। महाराष्ट्र नक्सल सेल से मिली जानकारी के अनुसार 22 मई को गुप्त सूचना मिली कि छत्तीसगढ़ सीमा के भामरागढ़ उपखंड के अंतर्गत नव स्थापित पुलिस स्टेशन कावंडे क्षेत्र में विनाशकारी गतिविधियों को अंजाम देने के इरादे से नक्सली जंगल मे एकत्र हुए हैं। जानकारी के आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एम रमेश के नेतृत्व में गढ़चिरौली पुलिस बल, अप्पा और ▶▶| शेष पेज 5 पर

### मौत के बाद पिता को दिखा बेटे का चेहरा, सोशल मीडिया में तस्वीर देखकर पहुंचे परिजन




16 साल की उम्र पढ़ाई के लिए घर से भागकर नक्सली संगठन में शामिल होकर कंप्यूटर ऑपरेटर के कार्य करने वाले विवेक उर्फ उगेंद्र की पिता को अपने बेटे का चेहरा मृत होने के बाद देखने को मिला। जहां विवेक के परिजन सोशल मीडिया में मृत नक्सलियों के तस्वीर वायरल होने के बाद इसको देखकर विवेक उर्फ उगेंद्र का शव लेने के लिए जिला ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### पढ़ाई करने के नाम से हैदराबाद भाग गया था

परिजनों ने बताया कि विवेक उर्फ उगेंद्र 16 साल की उम्र में पढ़ाई करने के नाम से हैदराबाद भाग गया था। ▶▶| शेष पेज 5 पर

### बरसते पानी में देर रात बस्तरिया गीत में डीआरजी जवानों का जश्न



दस करोड़ रुपए के ईनामी नक्सल शीर्ष लीडर नम्बाला केशव राव उर्फ बसवराजु को ढेर कर मुख्यालय लौटे जवानों का नारायणपुर में बीती रात नागरिक अभिनंदन ▶▶| शेष पेज 5 पर




### एकेडमी में पहली बार खेलने आया था बैडमिंटन, हार्ट अटैक की आशंका

# बैडमिंटन खेलकर बैठा और आ गई मौत!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सप्रे शाला स्थित जिला बैडमिंटन एकेडमी में 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। युवक बैडमिंटन खेलने के बाद वे कोर्ट के बाहर कुछ देर बैठकर आराम कर रहे थे। लगभग 10 मिनट तक वे सामान्य थे, लेकिन मुंह पोंछने के तुरंत बाद अचानक जमीन पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत उठाकर मेकाहारा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक हुई मौत से अकादमी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। प्राथमिक जांच में हार्ट अटैक की आशंका जताई जा ▶▶| शेष पेज 5 पर



### पहले भी आ चुका था हार्ट अटैक

शुक्रवार को हिमांशु श्रीवास्तव का जिला बैडमिंटन अकादमी में पहला दिन था। जानकारी के अनुसार, जब वह कोर्ट पर पहुंचे, तब पूरी तरह से स्वस्थ दिखाई दे रहे थे। अन्य खिलाड़ियों के साथ उन्होंने जमकर बैडमिंटन खेला और पसीना भी बहाया। खेल के बाद जब वह थककर आराम करने के लिए कोर्ट के बाहर बैठे, तो अचानक मुंह के बल जमीन पर गिर पड़े और फिर नहीं उठे। यह पूरी घटना अकादमी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

## चमत्कारी इलाज का दावा, धर्मांतरण का भी खेल

# इलाज के लिए पैरों से कुचला, पसलियां टूटी, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

खास खबर

गरियाबंद के सुरसाबांधा गांव में इलाज के नाम पर की गई क्रूरता ने 18 वर्षीय योगिता सोनवानी की जान ले ली। आरोप है कि रायपुर निवासी इस युवती को अंधविश्वास और चमत्कारी इलाज के नाम पर मानसिक और शारीरिक यातनाएं दी गईं, जिससे उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

परिजनों का कहना है कि योगिता मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। परिवार ने चिकित्सा उपचार के बजाय पूजापाठ के जरिए समाधान खोजने की कोशिश की और उसे सुरसाबांधा की ईश्वरी साहू नामक महिला के पास ले जाया गया, जो खुद को चमत्कारी वैद्य बताती है। प्रार्थिया सुनीता सोनवानी ने पुलिस को बताया कि ईश्वरी साहू ने योगिता को अपने घर में कैद कर उसके साथ क्रूर व्यवहार किया। आरोप है कि इलाज के बहाने ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया गया। बाइबिल पाठ, चमत्कारी तेल और प्रार्थनाओं के नाम पर योगिता को प्रताड़ित किया गया। उसके सीने पर पैरों से दबाव डालने और डराने-धमकाने की बातें भी सामने आई हैं। 22 मई को योगिता की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई।



### टूट गई थी पसलियां

*पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि उसकी पसलियां टूटी थीं और आंतरिक रक्तस्राव के कारण कार्डियक अरेस्ट से उसकी मृत्यु हुई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आरोपी ईश्वरी साहू (41 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2006 की धारा 4, औषधि एवं चमत्कारिक उपचार अधिनियम 1954 की धारा 7 और बीएनएस एक्ट की धारा 105 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गरियाबंद पुलिस की तत्परता से आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है। जांच में यह भी सामने आई है कि योगिता ही अकेली पीड़िता नहीं थी। कम से कम चार अन्य लड़कियों को भी ईश्वरी साहू के घर लाया गया था, जहां उनसे जबरन धार्मिक प्रार्थनाएं करवाई गईं और अमानवीय व्यवहार किया गया।*

सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 का इस्तेमाल कर किया बरी

# ऐतिहासिक फैसला, पॉक्सो के आरोपी की सजा माफ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक पॉक्सो मामले में फैसला सुनाते हुए बेहद अहम टिप्पणियां की हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने के आरोपी शख्स को बरी कर दिया है। इससे पहले शख्स को 15 वर्षीय लड़की के साथ संबंध बनाने के आरोप में दोषी ठहराया गया था। हालांकि उच्चतम न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया है, लेकिन पीठ ने उसे कोई सजा ना देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सजा देना पीड़िता के लिए परेशानी का सबब हो सकता है। दरअसल आरोपी ने नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाए थे। बाद में लड़की के बालिग होने के बाद उसने पीड़िता से शादी कर ली थी। दोनों फिलहाल अपने बच्चे के साथ एक साथ रहते हैं। सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि पीड़िता ने इसे जघन्य अपराध नहीं माना था। कोर्ट ने कहा, 'वह कभी विकल्प नहीं चुन पाई। समाज ने उसे जज किया, कानूनी व्यवस्था ने उसे विफल कर दिया, परिवार ने उसे छोड़ दिया। वह अपने पति को बचाने की कोशिश कर रही है।'

■ शीर्ष कोर्ट ने कहा, 'ये आंख खोलने वाला मामला

### कानूनी व्यवस्था के साथ लड़ाई

पीठ ने आगे कहा, 'इस मामले के तथ्य सभी के लिए आंखें खोलने वाले हैं। यह कानूनी व्यवस्था में खामियों को उजागर करता है।' पीठ ने कहा कि पीड़िता की नजर में यह कानूनी अपराध नहीं था, फिर भी लड़की को अपने पति को बचाने के लिए पुलिस और कानूनी व्यवस्था के साथ लड़ाई लड़नी पड़ी। पीठ ने कहा, 'हालांकि कानून इसे अपराध कहता है, लेकिन पीड़िता ने इसे अपराध के रूप में नहीं देखा। उस घटना ने पीड़िता को कष्ट नहीं दिया, बल्कि इसके बाद के परिणाम ने उसे झकझोर कर रख दिया। उसे आरोपी को सजा से बचाने के लिए पुलिस और कानूनी व्यवस्था से लगातार संघर्ष करना पड़ा।'

# कोटा में ही छात्र क्यों खुदकुशी कर रहे एफआईआर क्यों नहीं दर्ज की गई?

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को लगाई जमकर फटकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पिछले महीने राष्ट्रीय प्रवेश पात्रता परीक्षा (नीट) के एक छात्र से जुड़े सुसाइड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने एफआईआर नहीं दर्ज करने को लेकर कोटा पुलिस और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल पूछते हुए कहा, 'राज्य के तौर पर आप क्या कर रहे हैं? केवल कोटा में ही छात्र सुसाइड से क्यों मर रहे हैं, आप इसके लिए क्या कर रहे हैं?' जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने राज्य से पूछा कि क्या आपने एक राज्य के रूप में इस पर कोई विचार किया है? इस मामले में एसआईटी ने क्या किया है? सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि कोटा के छात्र के मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। अदालत ने कहा कि एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई? आप हमारे फैसले की अवमानना कर रहे हैं। कोटा में अब तक कितने युवा छात्रों की मौत हुई है? ये छात्र क्यों मर रहे हैं?

### आईआईटी छात्र की मौत का मामला

आईआईटी खड़गपुर के छात्र की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि एफआईआर दर्ज करने में चार दिन की देरी क्यों हुई? कोर्ट ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ये बहुत गंभीर मामले हैं, इसे हल्के में न लें। सुप्रीम कोर्ट ने देश में छात्रों की आत्महत्याओं की लगातार बढ़ती घटनाओं पर इस साल की शुरुआत में दिए गए अपने फैसले का हवाला दिया। अदालत ने कहा कि फैसले के मुताबिक, तुरंत एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। हम इस मामले पर बहुत सख्त रुख अपना सकते हैं, शायद अवमानना भी लेकिन हम इस लेवल पर आगे कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

शीर्ष अदालत का फैसला

# 'कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की ओर से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा।

### इस तरह के मामलों में पूर्व में भी आ चुके हैं अहम फैसले

मातृत्व अवकाश से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। 2017 में, मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन किया गया था। इसके तहत 12 सप्ताह की छुट्टी को बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया। फिलहाल, सभी महिला कर्मचारियों को पहले और दूसरे बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश दिए जाने का प्रावधान है। इसके अलावा, बच्चा गोद लेने वाली माताएं भी 12 सप्ताह का मातृत्व अवकाश ले सकती हैं।

### अपील में महिला शिक्षिका ने की थी यह शिकायत

याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था।

## खबर संक्षेप

### मानहानि मामला : वित्त मंत्री सीतारमण को नोटिस जारी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) नेता के पूर्व मंत्री सोमनाथ भारती की पत्नी लिपिका मित्रा की तरफ से दायर आपराधिक मानहानि याचिका के संबंध में राउज एवेन्यू ने 19 मई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पारस दलाल ने कहा कि मामले में प्रतिवादी को भी अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाना चाहिए, ऐसे में प्रतिवादी निर्मला सीतारमण को नोटिस जारी किया जाता है। मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी।

### 'पाकिस्तान के ज्यादा दिन नहीं बचे : सीएम योगी



**अयोध्या।** अयोध्या पहुंचे सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। सीएम योगी ने दो टूक कहा कि 'ये आतंकवाद एक दिन पाकिस्तान को ले डूबेगा, ज्यादा दिन नही बचे हैं अब इसके, 75 वर्ष बहुत जी लिया।' सीएम ने कहा कि पाक आतंकियों ने हमारे निर्दोष नागरिकों को धर्म पूछकर मारा था, इसके बाद भारत के वीर सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में 26 के बदले 124 आतंकियों को मारा गया।

### दिल्ली पुलिस ने 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है, जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा। दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है।

कांग्रेस नेता व नेता प्रतिपक्ष का विदेशमंत्री पर बड़ा हमला

# राहुल ने जयशंकर से पूछे तीन सवाल, एक भी देश ने हमारा समर्थन क्यों नहीं किया?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को केंद्र सरकार की विदेश नीति को 'विफल' करार देते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर तीखा हमला बोला। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने जयशंकर के एक विदेशी पत्रकार को दिए गए साक्षात्कार के कुछ अंश वाला वह वीडियो फिर से पोस्ट किया, जिसे कांग्रेस ने अपने 'एक्स' हैंडल पर साझा किया था। उन्होंने विदेश मंत्री से 3 सवाल करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, 'क्या जेजे (जयशंकर) बताएंगे कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा समर्थन क्यों नहीं किया? और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत और पाकिस्तान के बीच 'मध्यस्थता'करने के लिए किसने कहा?'

### खास बातें

- कहा- भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो चुकी है
- पहलगाम अटैक के बाद हुए भारत-पाक संघर्ष के बाद सियासी रस्साकशी

### कांग्रेस ने जयशंकर का वीडियो किया पोस्ट

राहुल ने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो गई है। कांग्रेस ने जयशंकर के इस साक्षात्कार के कुछ अंश का वीडियो साझा करते हुए कहा, 'इनकी जुबान क्यों लड़खड़ा रही है?' इस साक्षात्कार में जयशंकर से अमेरिकी 'मध्यस्थता' संबंधी डोनाल्ड ट्रंप के दावे समेत कई विषयों पर सवाल किए गए थे। इस साक्षात्कार में जयशंकर ने पहलगाम हमले और भारत-पाक तनाव पर सवालों के जवाब दिए थे। गांधी ने कहा कि भारत की विदेश नीति ध्वस्त हो चुकी है। गुरुवार को भी उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोककर और ट्रम्प के दबाव में आकर भारत के हितों की बलि दी।



### आप विपक्ष के नेता हैं या निशान-ए-पाकिस्तान : भाजपा

भाजपा ने राहुल गांधी पर उनकी हालिया टिप्पणियों को लेकर निशाना साधा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि राहुल को भारतीय सशस्त्र बलों के पराक्रम को कम करके आंकना और देश की सुरक्षा को खतरे में डालना बंद करना चाहिए। आपको तय करना होगा कि आप भारत के विपक्ष के नेता हैं या पाकिस्तान के निशान-ए-पाकिस्तान हैं।'

### जयशंकर को बताया जयचंद

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि जयशंकर ने ऑपरेशन से पहले पाकिस्तान को आगाह किया था। भाजपा ने पलटवार करते हुए राहुल गांधी को 'आधुनिक मीर जाफर' बताया, तो कांग्रेस ने जयशंकर को 'न्यू एज जयचंद' करार दे दिया। यह नाम 'पृथ्वीराज रासो' की ऐतिहासिक कथा से लिया गया है, जिसमें राजा जयचंद को देशद्रोही बताया गया है। कांग्रेस नेता जयशंकर को हटाने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार से सवाल पूछा है कि ऑपरेशन सिंदूर को उस समय क्यों रोका गया जब भारतीय सेना पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर रही थी। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, उसके जवाब में भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाक स्थित आतंकी ढांचों को नष्ट किया था। इसके बाद 8, 9 और 10 मई को पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की थी, जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया।

### राहुल बताएं 1991 वाला समझौता क्या देशद्रोह था : निशिकांत दुबे

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल को 1991 वाला समझौता याद दिलाते हुए पूछा, क्या यह देशद्रोह है? दुबे ने एक्स पर लिखा कि राहुल यह आपकी बनाई हुई सरकार के समय का समझौता है। साल 1991 में आपकी पार्टी समर्थित सरकार ने यह समझौता किया कि किसी भी आक्रमण या सेना के मूवमेंट की जानकारी का आदान-प्रदान भारत व पाकिस्तान एक दूसरे से करेगा।

पड़ोसी देश को ग्रे लिस्ट में भेजने का होगा प्रयास

# एफएटीएफ को पाकिस्तान के खिलाफ डोजियर सौंपेगा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली




पाकिस्तान से तनाव के बीच अब भारत बड़े एक्शन की तैयारी कर रहा है। एक मीडिया ग्रुप को सरकारी सूत्रों ने बताया है कि भारत आतंकी फंडिंग के मुद्दे को एफएटीएफ में उठाएगा, जिससे एक बार फिर पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डाला जा सके। सूत्रों ने बताया कि भारत खास तौर पर उन कानूनी प्रावधानों को उठाएगा, जिनका पालन करने का वादा पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर आने पर किया था। इस मामले में एक सरकारी सूत्रों ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर विचार कर रही है। इसके लिए तैयारी का काम चल रहा है। सरकार एक डोजियर तैयार कर रही है जिसे एफएटीएफ की अगली पूर्ण बैठक में पेश किया जाएगा। ये मीटिंग जून 2025 में होनी है। भारत जून में पाकिस्तान को विश्व बैंक द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता की समीक्षा पर भी आपत्ति जताएगा।

### पहले भी पाक को लग चुके हैं एफएटीएफ के झटके

बता दें कि पाकिस्तान को जून 2018 में 'ग्रे लिस्ट' में डाला गया था और अक्टूबर 2022 में इसे हटाए जाने तक 'बढ़ी हुई निगरानी' का सामना करना पड़ा। इस सूची में होने से एफडीआई और फंडिंग पर नेगेटिव इंपैक्ट पड़ता है क्योंकि व्यवसायों को अधिक परिश्रम करना पड़ता है।

### भारत को सदस्य देशों से चाहिए होगा समर्थन

बता दें कि भारत ने इसी महीने की शुरुआत में आईएमएफ की बोर्ड बैठक में पाकिस्तान के लिए जुलाई 2024 से शुरू होने वाले 7 अरब डॉलर के सहायता पैकेज के तहत धनराशि जारी करने पर आपत्ति जताई थी, जिसमें पड़ोसी देश द्वारा नापाक गतिविधियों और आतंकवादी हमलों के लिए धन का दुरुपयोग करने का हवाला दिया गया था। पाकिस्तान के लिए 'ग्रे लिस्ट' का दर्जा मांगने के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए भारत को एफएटीएफ के अन्य सदस्य देशों के समर्थन की आवश्यकता होगी।

जर्मन चांसलर से मिले विदेश मंत्री एस जयशंकर, बोले-

# भारत रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए उत्सुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्च ने से कहा कि भारत द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और उसका विस्तार करने के लिए जर्मनी की सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी के दौरे के अंतिम पड़ाव में बर्लिन में हैं।

जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि बर्लिन में चांसल फ्रेडरिक मर्ज से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उनकी सरकार में हमारी रणनीतिक साझेदारी के आगे बढ़ने और विस्तार होने की उम्मीद है।



भारत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जर्मनी की ओर से एकजुटता की सराहना करता है। जयशंकर ने कहा कि उनकी जर्मनी के सांसदों के साथ भी अच्छी बातचीत हुई और भारत-जर्मनी संबंधों के निरंतर विकास के लिए उनके मजबूत समर्थन की सराहना की।

### औद्योगिक साझेदारी पर की चर्चा

जयशंकर ने बताया कि उन्होंने जर्मनी की अर्थव्यवस्था और उर्जा मंत्री कैथरीना रीचे से भी मुलाकात की। इस दौरान हमने प्रतिभाओं के आदान-प्रदान, औद्योगिकी साझेदारी और मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की, ताकि आपूर्ति श्रृंखलाओं को और ज्यादा मजबूत बनाया जा सके। एक अनिश्चित दुनिया में हमारी बढ़ती साझेदारी स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। हम संबंधों को मजबूत करने और भरोसे को बढ़ाने के लिए भी मिलकर काम करेंगे। प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए।

## इजराइली-कपल को श्रद्धांजलि...




**वाशिंगटन।** अमेरिका के वाशिंगटन में शुक्रवार को यहूदी संग्रहालय में एक कार्यक्रम से निकलते समय मारे गए इजराइल के कपल को श्रद्धांजलि देने के लिए लोग एक अस्थायी स्मारक में व्हाइट हाउस के बाहर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें, गुरुवार को इजराइल दूतावास में कार्यरत दो कर्मचारी की गोली मारकर हत्या हुई थी।

### 'पाकिस्तान की गोली का जवाब गोले से दिया' ऑपरेशन सिंदूर पर गृहमंत्री शाह का बयान

**हरिभूमि न्यूज :नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को केंद्रीय गृह सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह और रुस्तमजी स्मारक व्याख्यान को संबोधित करने पहुंचे। यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोली का जवाब गोले से दिया गया। उन्होंने कहा कि कई दशकों से देश पाक समर्थित आतंक का सामना कर रहा है। पाक ने कई घटनाएं की, लेकिन इसका उचित जवाब नहीं दिया गया। 2014 में मोदी जी पीएम बने, इसके बाद सबसे पहला बड़ा हमला उरी में हमारे जवानों पर किया और हमने घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक किया।

पहलगाम अटैक के बाद वैष्णो देवी में भी सुरक्षा हुई पहले से और सख्त

# 700 सीसीटीवी से यात्रियों के चेहरे की होगी पहचान

## श्राइन क्षेत्र में होगा अब रियल टाइम निगरानी और क्विक रिस्पांस

एजेंसी ▶▶| कटरा



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर समेत देश की अधिकांश सीमाओं की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी कड़ी में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आध्यात्मिक विकास बोर्ड, कटरा में एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) का संचालन शुरू किया है। इस सुविधा के तहत 700 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से यात्रियों के चेहरे की पहचान (फेस रिकग्निशन) और पीटीजेड (पैन-टिल्ट-जूम) जैसी तकनीकों का प्रयोग किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार इस विशेष सुरक्षा प्रणाली के तहत श्राइन क्षेत्र में वास्तविक समय की निगरानी और उसके बाद तुरंत उसकी प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अंशुल गर्ग और उधमपुर-रियासी रेंज की डीआईजी सारा रिजवी ने इस नए सुरक्षा सिस्टम आईसीसीसी का निरीक्षण किया। इस मौके पर बोर्ड के कई और अधिकारी भी मौजूद थे। सेना व खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन की उपस्थिति में संयुक्त सुरक्षा उपायों को लेकर चर्चा के हुई। मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया।

### पिट्ठू और घोड़े वालों को नया कार्ड

श्राइन बोर्ड और सुरक्षा एजेंसियों की संयुक्त टीम एंट्री गेट पर श्रद्धालुओं की आवाजाही सहित सभी मुख्य बातों की निगरानी करेगी रीयल टाइम के तहत की जाएगी। इसके तहत यात्रा के दौरान घोड़े और पिट्ठू वालों को नए यूएचएफ कार्ड जारी किया जाएगा। इसके साथ ही नकली पहचान रोकने के लिए रीडर लगाए जाएंगे। ड्रोन, एक्स-रे बैगेज स्कैनर मेटल डिटेक्टर और अंडर-व्हीकल स्कैनर जैसी उपकरणों का इस्तेमाल प्रभारी रूप में किया जाएगा।

### बंद किया जाएगा गैर-कानूनी एंट्री गेट

सुरक्षा बलों का काम तीर्थ क्षेत्र में गैर-कानूनी एंट्री गेट को बंद किया जाएगा। इसके साथ ही ट्रैक के किनारे चलने वाली निजी दुकानों को सुरक्षा एजेंसियों के लिए आसानी से पहचानने योग्य बनाया जाएगा। वहीं पूरे तीर्थ जोन में आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए हॉटलाइन को और तेज की जाएगी। इसके साथ ही मंदिर व उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा बलों की संख्या में बढ़ोत्तरी की जाएगी। इसके साथ-साथ कटरा के इलाकों में भीख मांगने वालों पर भी सख्त रोक लगाने की बात की गई है। बैठक में इस बात का निर्देश दिया गया है कि भिक्षावृत्ति से श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। ऐसे में नाबालिगों को बाल गृहों में भेजकर उनका पुनर्वास कराया जाएगा, जिससे की श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित माहौल में हो सके।

एमपी के मंत्री विजय शाह का तीसरा माफीनामा

# 'मैं बहन सोफिया और देश से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं'

एजेंसी ▶▶| भोपाल



मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादित बयान को लेकर तीसरी बार माफी मांगी है। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो में उन्होंने यह मांफी मांगी। जनजातीय कार्य मंत्री शाह ने माफीनामे में कहा, 'जय हिन्द, पिछले दिनों पहलगाम में हुए जघन्य हत्याकांड से मैं मन से बहुत दुखी एवं विचलित हूं, मेरा राष्ट्र के प्रति अपार प्रेम और भारतीय सेना के प्रति आदर एवं सम्मान हमेशा रहा है। मेरे कहे गए शब्दों से समुदाय, धर्म, देशवासियों को दुख पहुंचा है, यह मेरी भाषाई भूल थी, मेरा आशय किसी भी धर्म, जाति एवं समुदाय को ठेस पहुंचाने, आहत करने का नहीं था, मैं भूलवश अपने कहे गए शब्दों के लिए पूरी भारतीय सेना से, बहन कर्नल सोफिया से एवं समस्त देशवासियों से पूरी तरह से क्षमा प्रार्थी हूं और पुनः हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।' विवादित बयान वायरल होने के बाद शाह ने सबसे पहले एक न्यूज चैनल से बातचीत में माफी मांगी थी। इसके बाद थाने में एफआईआर की कार्रवाई के दौरान दूसरा माफीनामा वीडियो अपलोड किया।

रायपुर
शनिवार, 24 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष द्वादशी
वर्ष : 23, अंक : 306
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 35.2
न्यून. 26.3

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## इसे कहा जाएगा पूर्ण आवास

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना की राशि उन्हें ही मिलेगी, जिन्होंने 18 माह में अपना पूर्ण आवास तैयार कर लिया है, लेकिन सवाल ये है कि पूर्ण आवास क्या है? इसकी परिभाषा भी सरकार ने तय की है। पूर्ण आवास की परिभाषा के तहत 30 वर्ग मीटर से 45 वर्गमीटर तक कारपेट क्षेत्रफल वाले नवनिर्मित आवास में न्यूनतम दो कमरे, रसोई घर, बाथरूम, बना हो। निर्माण कार्य में समस्त आंतरिक एवं बाह्य कार्य जैसे प्लास्टर, फ्लोरिंग, पोताई, विद्युतीकरण, जल की व्यवस्था, दरवाजे खिड़की आदि लगे होने चाहिए। आवास के मुख्य द्वार पर योजना का मोनो-लोगो अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिए। आवास योजना के तहत केंद्रांश 1.50 लाख रुपए, राज्यांश 1 लाख रुपए सहित सम्मान की राशि 32 हजार 850 और हितग्राही अंशदान 1 लाख रुपए शामिल होता है।

# 18 माह में गृह प्रवेश हुआ, तभी मिलेगा सम्मान, घर बैठे सीधे बैंक अकाउंट में आएगा पैसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ में पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत किसी हितग्राही को मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना का लाभ पाने के लिए कुछ मशक्कत तो करनी ही पड़ेगी। हितग्राहियों के लिए यह जरूरी होगा कि वे अपना मकान 18 महीने में बनवा लें। उनका मकान सरकार द्वारा तय पूर्ण आवास की परिभाषा के अनुरूप होगा तो बतौर इनाम हितग्राही को 32 हजार 850 रुपए मिलेंगे। इस रकम के लिए भी उन्हें कहीं भाग-दौड़ की जरूरत नहीं होगी। यह रकम घर बैठे उनके बैंक अकाउंट में आ जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना की घोषणा की गई ▶▶|शेष पेज 5 पर

**मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना, पूर्ण आवास बनाना होगा जियो टैगिंग भी होगी**




### 18 माह में मकान बनाना होगा

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना का उद्देश्य दरअसल ये है कि हितग्राहियों को निर्धारित समय सीमा यानी 18 माह में मकान बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) निम्न आय वर्ग (एलआईजी) तथा मध्यम आय वर्ग (एमआईजी) के हितग्राहियों की बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के आवास देने के लिए बनाई गई है, लेकिन गृह प्रवेश योजना की सम्मान राशि का हकदार बनने के लिए 18 माह में मकान बनाकर उसमें गृह प्रवेश करना जरूरी होगा। इस दौरान भवन अनुज्ञा से लेकर आवास की पूर्णता तक जियो टैगिंग भी की जाएगी। जियो टैगिंग का सत्यापन और अनुमोदन कराना अनिवार्य होगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**INDIAN PREMIER LEAGUE स्कोर बोर्ड**

हैदराबाद 231/6 VS बेंगलुरु 189/10
42 रन से जीता हैदराबाद
94* रन : इशान किशन
प्लेयर ऑफ द मैच
आज का मैच
दिल्ली VS पंजाब
समय : शाम 7.30 बजे

## खबर संक्षेप

### सीएम साय आज दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में होंगे शामिल


**रायपुर।** नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी आज नीति आयोग की बैठक लेंगे। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री



विष्णुदेव साय भी शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गए। इस बैठक में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा और अरुण साव भी शामिल होने आज शाम रवाना होंगे।

### पाकिस्तान में मारे गए टीटीपी के तीन आतंकी


**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में प्रतिबंधित आतंकवादी समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के



तीन आतंकवादी मारे गए। पंजाब पुलिस ने बताया कि उसे लाहौर से लगभग 325 किलोमीटर दूर मियांवाली जिले में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली थी।

### विधायक कंवरलाल की विधानसभा सदस्यता निरस्त

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अंता से भाजपा के विधायक कंवरलाल की विधानसभा



सदस्यता निरस्त कर दी है। देवनानी ने कहा कि अकलेरा की स्थानीय अदालत ने 14 दिसंबर 2020 को मीणा को 20 साल पुराने मामले में तीन साल की सजा सुनाई थी।

मॉस्को सहित कई हवाई अड्डे किए बंद, कनिमोझी समेत सभी अन्य सांसद सुरक्षित

# मॉस्को में ड्रोन हमले, 40 मिनट एयरपोर्ट में चक्कर लगाता रहा भारतीय सांसदों का विमान

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी और आतंकवाद पर पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करने रूस की राजधानी मॉस्को पहुंचे भारतीय सांसदों का प्रतिनिधिमंडल की जान पर तब बन आई जब फ्लाइट लैंड होने के पहले मॉस्को के कई हवाई अड्डे गुरुवार की रात हुए ड्रोन अटैक के कारण बंद कर दिए गए थे। भारतीय सांसदों का यह विमान मॉस्को हवाई क्षेत्र में ही 40 मिनट से ज्यादा चक्कर लगाने के बाद डोमोडेडोवो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। प्रतिनिधिमंडल की नेतृत्वकर्ता डीएमके सांसद कनिमोझी सहित अन्य सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

मामले के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि यूक्रेन ने रूस की राजधानी पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए, जिसके चलते यहां स्थित सभी हवाई अड्डों को कुछ समय के लिए ▶▶|शेष पेज 5 पर

### मॉस्को गए सांसदों में ये हैं शामिल

भारत की ओर से जो प्रतिनिधिमंडल रूस गया है उसमें डीएमके सांसद कनिमोझी, समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव राय, आरजेडी सांसद प्रेमचंद गुप्ता, कैप्टन ब्रिजेश, अशोक कुमार मित्तल और राजदूत मंजीव सिंह पूरी शामिल हैं। ये रूस के बाद स्लोवेनिया, ग्रीस, स्पेन और लातविया का भी दौरा करेंगे।

### अस्थायी उड़ान प्रतिबंधों के कारण मॉस्को से 153 उड़ानें हुईं प्रभावित



### यूक्रेन ने एलेट्स शहर को बनाया निशाना

खबर के अनुसार, यूक्रेन ने मॉस्को से लगभग 400 किलोमीटर दक्षिण में स्थित एलेट्स शहर पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए। युद्ध के दौरान गुरुवार को ड्रोन हमले के बाद मास्को हवाई अड्डे को कुछ देर के लिए बंद कर दिया था। रूसी अधिकारियों ने कहा कि "अस्थायी उड़ान प्रतिबंधों" के कारण 153 उड़ानें प्रभावित हुईं।

### अलग-अलग देशों के दौरे पर हैं सांसद

ज्ञात हो कि भारत द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आतंकियों के ठिकानों को नेस्तानाबूद कर दिया गया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन अटैक कर युद्ध जैसे हालात निर्मित कर दिए थे और बाद में सीजफायर के लिए बेबस हुआ। पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ आतंकवाद को प्रश्रय देना और फैलाए जा रहे प्रोपेगंडा को उजागर करने भारत के सांसदों के दल दुनिया के अनेक देशों में भारत का पक्ष रखने और पाकिस्तान का झूठ उजागर करने रवाना हुए हैं। केंद्र सरकार की ओर से 33 देशों की यात्रा के लिए 59 सदस्यों का 7 समूह तैयार किया गया है, जिसमें सांसद, वरिष्ठ नेता और राजदूत शामिल हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

बता दें कि, भारतीय सांसदों का 8 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल देश प्रतिनिधित्व करने 22 मई को मॉस्को के लिए रवाना हुआ था। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व द्रविड़ मुनेत्र कड़गम की सांसद कनिमोझी कर रही हैं। विमान जैसे ही मॉस्को पर उतरने वाला था, वहां ड्रोन हमलों के कारण सभी विमानों की लैंडिंग रोक दी गई। इस दौरान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानें हवाई क्षेत्र में चक्कर लगाते रहे। सुरक्षा की स्थिति का आकलन करने के बाद उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा गया और उन्हें सुरक्षित होटल ले गए।

# कटनी सेक्शन में तीसरी लाइन का काम पूरा फिर भी 18 ट्रेनों के पहिए थमेंगे 1 जून से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

रेल प्रशासन ने कुछ दिन पहले कटनी सेक्शन में तीसरी लाइन का काम अनूपपुर, पेण्ड्रा रोड से कटनी तक पूरा कर लिया है। इसके बावजूद अब झलवारा सेक्शन में कनेक्टिविटी के कारण 18 ट्रेनों के पहियों को एक जून से 9 दिनों तक रोकने का आदेश जारी कर दिया है। रेलवे के इस तुगलकी फरमान के कारण ग्रीष्मकालीन छुट्टी में यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले 10-12 सालों से बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच तीसरी लाइन का काम किया जा रहा था। इस दौरान बिलासपुर से कटनी सेक्शन से दिल्ली, जम्मू, अमृतसर सहित अन्य स्टेशनों की ओर जाने वाली सैकड़ों ट्रेनों को रद्द करते हुए लाखों की संख्या में यात्रियों को परेशान ▶▶|शेष पेज 5 पर



■ झलवारा में किया जाएगा नॉन इंटरलाकिंग कार्य

### ये ट्रेनें होंगी रद्द

- 1 से 7 जून तक 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस।
- 3 से 9 जून तक 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस।
- 2 से 7 जून तक 11265 जबलपुर-अंबिकापुर एक्सप्रेस।
- 3 से 8 जून तक 11266 अंबिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस।
- 2, 4, 6 जून को 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस।
- 3, 5, 7 जून को 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस।
- 2 एवं 5 जून को 12535 लखनऊ-रायपुर गरीब रथ एक्सप्रेस।

▶▶|शेष पेज 5 पर

# ट्रंप की चेतावनी, भारत के बने आईफोन अगर यूएस में बिके तो 25% टैरिफ

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में ऐप्पल आईफोन बनाने को लेकर एप्पल पर निशाना साधा। ट्रंप ने कहा कि अगर देश में बेचे जाने वाले फोन अमेरिकी सीमा में नहीं बने हैं तो एप्पल को 25% टैरिफ का भुगतान करना होगा। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा, 'मैंने बहुत पहले ही एप्पल के सीईओ टिम कुक को जानकारी दे दी थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग और बिल्ट यूएस में ही होना चाहिए, ना कि भारत या कहीं और।' इस खबर के आते ही प्रीमार्केट ट्रेडिंग में आईफोन निर्माता के शेयर लगभग 3 से 4% गिर गए। बता दें कि चीन पर ट्रंप के टैरिफ के बीच एप्पल भारत को एक वैकल्पिक मैन्युफैक्चरिंग बेस के रूप में पेश कर रहा है, जिसने आईफोन की ऊंची कीमतों की आशंकाओं को बढ़ा दिया है।



### कुक ने ट्रंप को दिया आश्वासन

बता दें कि फरवरी में, एप्पल ने घोषणा की थी कि वह अगले चार वर्षों में अमेरिका में 500 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करेगा और 20,000 कर्मचारियों को नियुक्त करेगा। इससे पहले कतर में ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने टिम कुक से आईफोन का उत्पादन भारत में स्थानांतरित न करने और अमेरिका में विनिर्माण पर ध्यान देने को कहा।

**भारत में आ रहा एप्पल का मॉड्यूल प्लांट:** गौरतलब है कि एप्पल के अनुबंध निर्माता फॉक्सकॉन ने हाल ही में तमिलनाडु में डिस्प्ले मॉड्यूल प्लांट बनाने के लिए अपनी भारतीय सहायक कंपनी युज़ान टेक्नोलॉजीज (इंडिया) प्रालि. में 1.49 बिलियन डॉलर के निवेश की पुष्टि की है।

### ट्रंप के हार्वर्ड विवि में विदेशी छात्रों के रोक के आदेश को चुनौती

इधर, ट्रंप प्रशासन ने फैसला लेते हुए हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की प्रवेश क्षमता को रद्द कर दिया है। हार्वर्ड में इस समय 6,800 विदेशी छात्र हैं, जिनमें 788 भारतीय हैं। ट्रंप ने कहा कि हार्वर्ड 72 घंटे के भीतर नए नियमों का अनुपालन कर अपना दर्जा पुनः प्राप्त कर सकता है, बस हार्वर्ड को अंतरराष्ट्रीय छात्रों के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड और विरोध गतिविधियों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग देनी होंगी। उधर, हार्वर्ड ने इस फैसले के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हार्वर्ड के प्रेसिडेंट एलन एम. गार्बर ने कहा इंटरनेशनल स्टूडेंट्स के मामले में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी कोई समझौता नहीं करेगी। इस फैसले से हार्वर्ड को अंतरराष्ट्रीय छात्रों और स्कॉलर्स के लिए एफ और जे वीजा प्रायोजित करने का अधिकार छीन लिया गया है। गार्बर ने इसे गैरकानूनी और अनुचित कदम बताया। जिसका मकसद यूनिवर्सिटी की अकादमिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाना है।

### भारत में एप्पल का बढ़ता उत्पादन

पिछले पांच वर्षों में भारत एप्पल आईफोन के सबसे बड़े विनिर्माण केंद्रों में से एक बनकर उभरा है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत में कंपनी ने 22 अरब डॉलर मूल्य के स्मार्टफोन का उत्पादन किया। पिछले वर्ष की तुलना में भारत में 60% अधिक है। ट्रम्प के चीन पर टैरिफ के कारण ऐप्पल ने भारत को वैकल्पिक विनिर्माण आधार के रूप में चुना है।




अधिसूचना का राजपत्र में 21 मई को प्रकाशन कराया

# छत्तीसगढ़ के आईपीएस कैडर में अब होंगे 153 अधिकारी, केंद्र ने बढ़ाया 11 पदों का कोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के आईपीएस कैडर में अब 153 अधिकारी शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने राज्य के आवंटित कैडर की संख्या 142 को बढ़ाकर 153 करने की अधिसूचना का भारत के राजपत्र में 21 मई को प्रकाशन कराया है। इसके साथ ही राज्य में नए पद भी सृजित हो सकेंगे और आईपीएस कैडर बढ़ने से एसपीएस (राज्य पुलिस सेवा) के अधिकारियों को प्रमोशन में लाभ मिलेगा। कैडर रिवीजन के साथ अंतिम बार 2017 के बाद आईपीएस के जिन नए पदों को मंजूरी दी गई है, उनमें साइबर क्राइम और राज्य इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) के साथ जीपीएम, मोहला मानपुर, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़, मनेंद्रगढ़, ▶▶|शेष पेज 5 पर




### पहले तीन बार हो चुका है कैडर रिवीजन

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद आईपीएस कैडर का तीन बार रिवीजन हुआ है और कैडर बढ़ाया गया है। सब से पहला रिवीजन 30 जनवरी 2004 को हुआ था, जिसमें 81 पदों को मंजूरी दी गई थी। दूसरा रिवीजन 30 मार्च 2010 को राजपत्र में प्रकाशित हुआ था। इसमें कैडर बढ़ाकर 1-3 कर दिया गया था। तीसरा रिवीजन 19 मई 2017 को किया गया था, जिसमें आईपीएस संवर्ग के लिए 142 पदों को मंजूरी दी गई थी। चौथे रिवीजन में 11 पद और बढ़ाकर आईपीएस संवर्ग के लिए पदों की संख्या 153 कर दी गई है। छत्तीसगढ़ में आईपीएस अफसरों की लगातार बढ़ती आवश्यकता तथा नए जिले बनने के कारण आईपीएस कैडर बढ़ाना जरूरी हो गया था।

## चिंतन

# भारत से उलझने की बजाए देश संभालें पाकिस्तानी नेता

पुरानी कहावत है कि अगर कुत्ते की दुम को 16 साल तक पोंगली में रखकर बाहर निकाला जाए तो भी वो टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। यही हाल हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का है। भारतीय सेना की कार्रवाई को पिद्दी सा पाकिस्तान चार दिन भी नहीं झेल पाया और भारत को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाने लगा। संयुक्त राष्ट्र संघ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने गिड़गिड़ाने तक की नौबत आ गई। जब भारत संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गया तो पाक नेता और सेना अधिकारी अपनी शेखी बघारने लगे। अब ऐसा ही एक और बयान सामने आया है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी ने भारत को धमकी देते हुए कहा कि, अगर तुम (भारत) हमारा पानी बंद करोगे, तो हम तुम्हारी सांसें बंद कर देंगे। यह बयान पाकिस्तान के एक विश्वविद्यालय में भाषण के दौरान का है। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है। दरअसल भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जल संधि स्थगित कर दी है और पाकिस्तान जाने वाले पानी को रोक दिया है। चौधरी ने कहा कि भारत सोचता है कि वह पाकिस्तान का पानी रोक देगा। 24 करोड़ लोगों का पानी रोकना संभव ही नहीं है। जबकि भारत युद्ध विराम के दौरान ही साफ कर चुका है कि सिंधु जल समझौता निलंबित ही रहेगा। महज चार दिनों के युद्ध में ही यह बात पाकिस्तान अच्छी तरह से जान चुका है कि नए भारत को दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। भारत अब दुनिया की सशक्त अर्थव्यवस्था बन चुका है। वहीं पाकिस्तान दिवालिया के कगार पर है। इसके बावजूद वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि पाक से नेपाल पहुंचे संदिग्ध आतंकी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने के इरादे से भारत में दाखिल होने की योजना बना रहे हैं। सूचना है कि करीब तीन दर्जन संदिग्ध नेपाल पहुंच चुके हैं। इनमें पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। ये लोग खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में घुसने की फिराक में हैं। इसीलिए सीमा पर सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग बढ़ा दी है, ताकि कोई भी संदिग्ध तत्व भारत में प्रवेश न कर सके। असल में पाकिस्तान अपनी कमजोरी छिपाने के लिए भारत में अशांति पैदा करने की कोशिश करता रहता है। भारत के नाम पर वहां के हुक्मरान अपनी असफलताओं को ढकते रहते हैं। पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था चौपट है। महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। बलूच अलगाववादी आंदोलन देश के अस्तित्व पर खतरा बन गया है। मार्च में जाफर एक्सप्रेस के हाईजैक के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के हौसले सातवें आसमान पर हैं। पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतार कर बीएलए ने स्पष्ट तौर पर पाक सरकार को चेता दिया है कि स्वतंत्र बलूचिस्तान की मांग को बलपूर्वक दबाना मुश्किल है। खैबर पख्तूनख्वा अलग तरह की आग में जल रहा है। यहां तहरीक-ए-तालिबान पाक आर्मी के लिए चुनौती बना हुआ है। सैन्य मोर्चे पर भी पाकिस्तान के हालात काफी खस्ता हैं। अब सेना अध्यक्ष मुनीर को फील्ड मार्शल का पद देकर शरीफ सरकार ने पाकिस्तान के आम आदमी के जख्मों पर नमक डालने का काम किया है। असल में इमरान खान समर्थक मुनीर को पसंद नहीं करते और शहबाज शरीफ उन्हें सिर पर बैठा रहे हैं। पाक नेताओं और सेना अधिकारियों को चाहिए कि भारत से उलझने की बजाए अपने हालात पर ध्यान दें। कहीं ऐसा न हो कि पाक इतिहास की किताबों में ही रह जाए।



एयरबेस मामला
अवधेश कुमार

# मोदी सा साहस शहबाज नहीं दिखा सकते

पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं आदमपुर एयरबेस यानी वायु सैनिक अड्डे पर गए जहां से उनका कार्यक्रम पूरी दुनिया ने देखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुछ एयरबेस पर जा रहे हैं । पाकिस्तान ने झूठ फैलाया था कि पंजाब स्थित आदमपुर एयरबेस पर हमले में रनवे, मिग-29 जेट, एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम और रडार नष्ट कर दिया, 60 सैनिक मारे गए और एयरबेस को भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के सामने चुनौती है कि उसके प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उन एयरबेसों पर जाकर लाइव दिखाएं जिनके बारे में भारत ने जबरदस्त क्षति पहुंचाने की बात कही है। प्राइवेट कंपनी मेक्सार ने सेटेलाइट की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें सरगोधा, नूर खान, भेल्लारी, सुक्कूर, जकोबाबाद स्थित शाहबाज एयरबेस आदि की तस्वीरें बता रही हैं कि 8 मई के पहले कैसी थीं और भारतीय कार्रवाई के बाद किस हालत में हैं। खंडन तभी होगा जब पाकिस्तान वहां से लाइव कार्यक्रम करें और वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के द्वारा ही संभव है। काफी दिनों बाद उनमें से कुछ पर जाते हैं तो कोई मायने नहीं होगा क्योंकि कम क्षति वाले कुछ क्षेत्र की मरम्मत की जा सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ऐसा नहीं कर पाए हैं और यही बताता है कि भारतीय सेना का दावा सही है। शब्दों से खंडन करने की जगह प्रधानमंत्री ने स्वयं जाने और सैनिकों से संवाद करने का रास्ता चुना। लाइव तस्वीरें दुनिया देख रही थी। प्रधानमंत्री जहां से बोल रहे थे उसके पीछे एस400 प्रणाली भी दिख रही थी, रनवे भी दिखा और सैनिकों का उत्साह सातवें आसमान पर था।

जब कोई देश किसी पर हमला करेगा और हमारे बीच अघोषित युद्ध होगा तो यह संभव नहीं कि उसमें अपना नुकसान नहीं हो। बगैर मूल्य चुकाये कोई उपलब्धि हासिल नहीं होती। देश का मानस पाकिस्तान के साथ सैनिक टकराव में इसके लिए तैयार था कि हमारा भी नुकसान होगा किंतु उसे सबक सिखाये बगैर रुकना नहीं है। जितनी संख्या में उनके मिसाइल, ड्रोन चले, लड़ाकू जेट तक शामिल हुए तो उसका कहीं असर होगा। वैसे जितनी जानकारी आई है उसके अनुसार कोई बड़ी क्षति भारत को नहीं हुई। पाकिस्तान ने अपने सैन्य दुस्साहस की शर्मानाक विफलता और लगातार कमजोर होती रक्षा और आक्रमण प्रणाली से देश की जनता की दृष्टि हटाने के लिए लगातार झूठी सूचनायें प्रसारित कीं। पाकिस्तान के दुष्प्रचार का साथ देने वाले हमारे देश के इकोसिस्टम ने आदमपुर से आए वीडियो में एक-एक के चेहरे और आंखों को तलाशने की कोशिश की होगी ताकि कोई या कुछ मिल जाए जिसके चेहरे को देखकर बता सकें कि उत्साह झूठा था। वीडियो को रोक कर स्लो मोशन में देखा होगा ताकि कुछ नुकसान दिख जाए। कुछ दिखा नहीं पाए, इसका अर्थ भी साफ है। दुर्भाग्य से भारत को दुष्प्रचार युद्ध में पाकिस्तान और भारत विरोधी विदेशी शक्तियों के साथ बड़ी संख्या में अपने देश के उन समूहों से लड़ना पड़ रहा है जिनके बारे में समझना मुश्किल है कि उनकी प्रतिबद्धता क्या है? सच यह है जब भारत की मिसाइलें पाकिस्तान के न्यूक्लियर संस्थाओं के दरवाजे तक पहुंच गई, वह ज्यादा भयभीत हुआ कि आगे न्यूक्लियर युद्ध की धमकी भी देने की स्थिति में नहीं रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप स्वयं को विश्व का अगुवा नेता और अपने नेतृत्व में अमेरिका को किसी संघर्ष को रोकने में सक्षम



दिखाने के उतावलेपन में कह रहे हैं कि उन्होंने दो नाभिकीय संपन्न देशों के बीच नाभिकीय युद्ध रुकवाया तो साफ है कि पाकिस्तान ने यही बात रखी होगी। हालांकि नाभिकीय युद्ध की कहीं संभावना नहीं थी। प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष अमेरिका की ओर से यह बात आई तभी तो उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं चलेगा। क्या इसका अर्थ है कि भारतीय बलों ने अपनी युद्ध रणनीति के कारण यह आत्मविश्वास प्राप्त कर लिया है कि समय पर पाकिस्तान के नाभिकीय संस्थानों को ऐसी स्थिति में पहुंचा सकते हैं या उनका नियंत्रण ले सकते हैं जहां न रेडियोएक्टिव तत्वों के रिसने का खतरा रहे और न पाकिस्तान उनके इस्तेमाल करने में सक्षम? अभी अंतिम निष्कर्ष नहीं दिया जा सकता किंतु दो दिनों के युद्ध में कुछ स्थितियां स्पष्ट थीं। विश्व के कई विख्यात रक्षा विशेषज्ञ भी इसकी पुष्टि कर रहे हैं। ज्यादातर का मानना है कि 10 मई को जब भारतीय वायु सेना ने ब्रह्मोस और स्कैल्प इजी मिसाइलों से पाकिस्तान के कई एयरबेस को निशाना बनाया और इस दौरान सुखोई 30 एमके आई, मिराज 2000 और राफेल भी दौड़ रहे थे तो पाक की स्थिति काफी खराब हो गई। जगुआर लड़ाकू बमवर्षक विमानों से इसराइल से प्राप्त रैम्पेज मिसाइलों से सुक्कूर एयरबेस को निशाना बनाया गया। ब्रह्मोस-ए सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ने पाक एयरबेस के मुख्य रनवे को पूरी तरह नष्ट कर दिया। रहीम यार खान एयरबेस को शेख जायद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी कहा जाता है, जो पाकिस्तान वायुसेना का महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा है। हमले को रात में सटीकता से अंजाम दिया गया ताकि नागरिक नुकसान से बचा जा सके। हमले में सैन्य सुविधाओं, इमारतों और उपकरणों को नुकसान पहुंचा और स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ सहित कुछ सैन्यकर्मियों की मौत हो गई। सरगोधा एयरबेस निशाने पर था और वहीं किरण हिल्स में नाभिकीय केंद्र के प्रवेश द्वार पर विस्फोट किया गया। पाकिस्तानी लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि भारतीय निर्मित इजरायली हारोप ड्रोन ने कराची और लाहौर सहित कई स्थानों में हमले किए। लाहौर के सुंदर इंडस्ट्रियल एरिया में धमाकों के वीडियो और स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों ने भी इन हमलों की पुष्टि की मोटा-मोटी आकलन है कि दो-तीन दिन से ज्यादा का भंडार उसके पास नहीं था। साफ दिख रहा था कि पाकिस्तान ने भारत द्वारा मिसाइलों से नौ महत्वपूर्ण आतंकवादी केन्द्रों को ध्वस्त करने को अपनी शान और इज्जत के विरुद्ध मान लिया और उत्तर से दक्षिण श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट ,अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, भटिंडा ,चंडीगढ़, नाल फलोदी और भुज आदि पर ड्रोन और मिसाइल के ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए। भारतीय सैन्य बलों ने इसका पूर्ण आकलन करते हुए प्रत्यक्ष कई गुना बड़े प्रत्याक्रमण की तैयारी की थी और परिणाम हुआ कि हमले असफल किए जाने लगे। पाकिस्तान सेना के मुख्यालय रावलपिंडी भी ड्रोन के निशाने पर आया। भारतीय ड्रोनों ने चीन की हत्फ 9 सरफेस टू एयर मिसाइल ऑपरेट करने वाली बटालियन को नुकसान पहुंचाया, लाहौर में पूरी टुकड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई, कराची की सुरक्षा में तैनात हत्फ 9 बटालियन को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसी का परिणाम था कि पाकिस्तान को एफ16 वायुयान तक का इस्तेमाल करना पड़ा। पाकिस्तान अगर एस 400 मिसाइल रक्षा प्रणाली को मार गिराने का दावा कर रहा है तो उसे बताना होगा कि रडार मिसाइल निगरानी में यह कैसे संभव हुआ? प्रधानमंत्री और हमारे सैन्य प्रवक्ताओं की भाषा बिल्कुल एक है कि सीमा पार आतंकवाद की संभावनाओं तक को पूरी तरह समाप्त करने की लंबी योजना और रणनीति से आरंभ ऑपरेशन सिंदूर केवल स्थगित है, समय और परिस्थितियों के अनुसार आगे भी जारी रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

वैश्विक परिदृश्य
डॉ. एस.डी. वैष्णव



# बलूचिस्तान के संघर्ष की मुखर आवाज़ बनी महरंग

युद्ध सभ्य समाज की निशानी नहीं है,लेकिन पहलगाम में आतंकी हमला करके पाकिस्तान ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली। हालांकि, वर्षों से भारत में सुनियोजित तरीके से आतंकवादी हमले प्रायोजित करना पाकिस्तान की पुरानी फितरत रही है, लेकिन इस बार उसे मुँह की खानी पड़ी। भारतीय सेना के शौर्य-पराक्रम और सरकार के त्वरित एवं साहसिक निर्णयों ने भारतीय जनमानस की उम्मीदों के अनुरूप 'ऑपरेशन सिंदूर' से उसे ऐसे नाकों चने चबवाए कि भारत के एक ही प्रहार से ध्वस्त और आहत पाकिस्तान में ऐसा हाहाकार मचा कि उसे सीजफायर पर आना पड़ा। पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो अपने भीतरी संघर्षों एवं खून-खराबों से ऊपर उठ नहीं पा रहा है। बावजूद उसने इस बार भारत से टकराने की हिमाकत की जिसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ा। वैसे तो पीओके वाले गिलगित-बाल्टिस्तान और पाक-अफ़गान सीमा जो डूरंड लाइन के आसपास का क्षेत्र है, वहां सक्रिय चरमपंथी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के साथ पाकिस्तानी सेना का वहाँ के लोगों के साथ संघर्ष और झड़पें लगातार चलती रहती हैं। इन दिनों सिंध प्रांत में भी वहां की अवाम ने पाकिस्तान सेना और सरकार के ख़िलाफ़ मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में बलूचिस्तान प्रांत एक ऐसा क्षेत्र है, जो सदैव अराजकता और अशांति के अंधेरे के बीच गुजर-बसर करते हुए, आज भी आजादी की नई रोशनी के कतरे तलाश रहा है। पिछले कुछ वर्षों से वहां की सामाजिक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलोच बलूचिस्तान की आजादी की मुखर आवाज़ बन गई है। बलूचिस्तान की शेरनी के नाम से मशहूर महरंग बलोच पेशे से डॉक्टर और मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं बलोच यकजेहती कमेटी कमेटी की संस्थापक है। वहाँ दशकों से हो रही हिंसा, असहमति की लड़ाई, अपहरण, बेजा हत्याएं और मानवाधिकारों के हनन के ख़िलाफ़ वह अहिंसात्मक आंदोलनों के माध्यम से बलूच लोगों को एकजुट करती रही है। उनके तेज-तर्रार और आक्रोश से भरे भाषणों में गुलामी और पीड़ा से उपजी व्यथा का दंश झलकता है। महरंग बलोच ने पाकिस्तानी सेना और वहां के राजनीतिक हलकों का दम फूलाकर रख दिया है। यही कारण है कि कुछ दिन पूर्व क्वेटा में एक प्रदर्शन के दौरान उन्हें पाकिस्तानी सेना द्वारा गिरफ्तार करके ब्लॉक 9 की सेल नंबर 5 में बंद कर दिया गया। क्वेटा की इसी जेल में कभी उनके पिता को भी क़ैद रखा गया था। बाद में उनका क्षत-विक्षत शव मिला था। इतिहास में झाँककर देखें, तो भारत-पाकिस्तान के विभाजन के साथ ही बलूचिस्तान और वहाँ के लोगों ने स्वयं को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया। हालांकि, ब्रिटिश शासन के दौर में ही 11 अगस्त 1947 को बलूचिस्तान को नया देश बना दिया गया। उस वक्त लॉर्ड माउंटबेटन ब्रिटिश वायसराय थे। बलूचिस्तान को आजाद करते हुए एक पेंच ऐसा फंसाया गया जिसके तहत बलूचिस्तान की सुरक्षा का जिम्मा पाकिस्तान को सौंपा गया। बलूचिस्तान की आजादी के एक महीने बाद ही ब्रिटेन ने एक नया प्रस्ताव पारित किया और कहा कि बलूचिस्तान अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियां उठाने लायक नहीं है, इसलिए उसे एक स्वतंत्र देश नहीं बनाया जा सकता। आगे इसका फायदा पाकिस्तान ने बलूचिस्तान को अपने कब्जे में लेकर उठाया। 1948-50 से लेकर अब तक बलूचिस्तान की आजादी के लिए कई आंदोलन हो चुके हैं। बलूचिस्तान की आजादी के लिए जंग लड़ रही बीएलए यानी बलूच लिबरेशन आर्मी का पाकिस्तानी सेना के साथ लगातार संघर्ष जारी है। हालिया दिनों में 14 मई 2025 का दिन बलूचों के लिए एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब बलूच नेता, मानवाधिकार कार्यकर्ता और 'फ्री बलूच मूवमेंट' के प्रतिनिधि मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बलूचिस्तान की आजादी की घोषणा की। बहरहाल, पाकिस्तान में महरंग बलोच नाम का एक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। शांति के वैश्विक प्रयासों को मान्यता देने वाले वर्ष 2025 के शांति के नोबेल पुरस्कार के लिए महरंग बलोच को नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए नहीं, बल्कि बलूचिस्तान में जबरन गायब किए गए लोगों और उनके परिवारों की आवाज़ को वैश्विक स्तर पर मान्यता का प्रयास है। उम्मीद की जानी चाहिए कि शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी की अलख जगा रही महरंग बलोच को यह पुरस्कार मिले और जल्द उनकी रिहाई सुनिश्चित हो। पाकिस्तान में गृह युद्ध के हालात उत्पन्न हो गए हैं। इधर भारतीय जनमानस ऑपरेशन सिंदूर से मिले विजय उत्साह को बनाए रखें। एक दिन पीओके में तिरंगा अवश्य लहराएगा।

(लेखक सामरिक मामलों के जानकार, स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है। सरिताएं, नद, तालाब, नवीन जल से परिपूर्ण हो जाते हैं। बादल पृथ्वी के निकट आ जाते हैं।

## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था।

बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## जद्दोजहद



प्रयागराज के बाहरी इलाके में शंकरगढ़ में गंगा नदी से ज्यादा दूर स्थित क्षेत्र में पानी की कमी के बीच लोग बारिश के पानी से भरे तालाब से पीने का पानी लेने जाते हुए।

## आज की पाती

### कूटनीति के मंच पर लोकतंत्र की परीक्षा

भारत की लोकतांत्रिक संरचना और विविधतापूर्ण सामाजिक ताने-बाने ने उसे वैश्विक मंच पर एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है, जहां विभिन्न विचारधाराएं, जातियां, धर्म और भाषाएं एकजुट होकर सह-अस्तित्व की प्रेरणा देती हैं। लेकिन जब यह आंतरिक एकता राजनीतिक स्वार्थों और आरोप-प्रत्यारोप की भेंट चढ़ने लगे, तब राष्ट्र की साख और उद्देश्य दोनों ही संकट में पड़ जाते हैं। हाल ही में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के जवाब में भारत सरकार द्वारा गठित सात प्रतिनिधिमंडलों का उद्देश्य था- भारत की एकता, अनेकता में एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दुनिया भर में पहुंचाना।

\- **राजेंद्र ठाकुर**, धमतरी

## ट्रेंड

### बीएसएफ सबसे सशक्त



दुर्गम सीमाओं और विषम मौसमीय परिस्थितियों में भी सीमाओं पर मुस्तैद बीएसएफ ने सीमा सुरक्षा के अपने संकल्प को दृढ़ता से निभाया है। मोदी सरकार बीएसएफ को अत्याधुनिक तकनीकों और संसाधनों से सुसज्जित कर इसे विश्व का सबसे सशक्त सुरक्षा बल बना रही है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### जर्मनी की एकजुटता



आज बर्लिन में चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिलकर गौरवान्वित महसूस किया। हम रणनीतिक साझेदारी का विस्तार करने के लिए उनकी सरकार के साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। आतंकवाद से मुकाबले के प्रति जर्मनी की एकजुटता सराहनीय है।

\- एस. जयशंकर, विदेश मंत्री

### जनता की मुस्कान



हमारी सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक की शिकायत का समयबद्ध समाधान हो और प्रशासन अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी व जनहितैषी बने। जनता की मुस्कान ही हमारी सबसे बड़ी जीत है।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नकारात्मकता का खोल




'आपरेशन सिंदूर' के सफल होने के बाद से ही कांग्रेस में खरगे-राहुल गांधी की जोड़ी ने 'घोर नकारात्मकता का खोल ओढ़' रखा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में मय सबूत के साथ प्रहार कर दिया जो अब उनकी खुन्नस में तब्दील हो गया है।

\- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

## करंट अफेयर

# सार्वभौमिक टीके महामारी से लड़ने के तरीके बदल देंगे

हर साल, वैज्ञानिक उत्परिवर्तित वायरस का पता लगाने के लिए संघर्ष करते हैं, दवा कंपनियां टीकों को नये सिरे से तैयार करती हैं तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली टीके और उपकरणों की नयी खेप प्राप्त करने की तैयारी करती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया फ्लू और कोविड जैसे खतरों के खिलाफ हमारी अग्रिम पंक्ति की रक्षा है – लेकिन इसकी कीमत बहुत अधिक है। वैश्विक स्तर पर, अरबों अमेरिकी डॉलर, वायरस के स्वरूप की निगरानी, टीके के विकास और वितरण में खर्च किए जाते हैं तथा पहले से ही मुश्किल परिस्थितियों का सामना कर रही स्वास्थ्य प्रणाली – विशेष रूप से निम्न आय वाले देशों में – तालमेल बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। यही कारण है कि वैज्ञानिक लंबे समय से सार्वभौमिक टीके विकसित करने का लक्ष्य रखते रहे हैं – जो मौसमी और महामारी, दोनों प्रकार के वायरस सहित इसके सभी प्रमुख स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। लेकिन इन टीकों को डिजाइन करना मुश्किल साबित हुआ है। कठिनाई वायरस के उत्परिवर्तन के तरीके में है। इन्फ्लूएंजा और सार्स सीओवी-2 (कोविड का कारण बनने वाला वायरस) तेजी से बदलते हैं, जिससे वे पिछले संक्रमणों या टीकाकरणों से उत्पन्न होने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली की स्मृति प्रतिक्रियाओं से बच जाते हैं।



## ऑफ बीट

# घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27.8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43.3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5.6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।


Reliance
Growth is Life
Jio Mart
समय और पैसे दोनों बचाएं
Quick
Scheduled
Biscuits, Drink & Packaged Foods
Ice Cream & Frozen
Chips & Namkeens
Biscuits & Cookies
Chocolates &...
Indian Sweets
Drinks & Juices
Breakfast Cereals
Noodles, Pasta &...
Quick फ्री होम डिलीवरी
लो प्राइस गारंटी
ज़ीरो एक्स्ट्रा चार्जेज़
फ्लैट ₹100 की छूट*
आपके पहले Quick ग्रॉसरी ऑर्डर पर
*न्यूनतम ₹399 की खरीदारी पर
कूपन कोड का उपयोग करें
JMNEW100
डाउनलोड करने के लिए स्कैन करें
*T&C Apply
प्याज 1 kg
बाजार मूल्य ₹25
जियोमार्ट कीमत ₹19
आम बेंगपल्ली 1 kg
बाजार मूल्य ₹80
जियोमार्ट कीमत ₹74
आम केसर 1 kg
बाजार मूल्य ₹150
जियोमार्ट कीमत ₹119
क्वालिटी वॉल्स पार्टी पैक / टब्स 700 ml या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹140 या उससे अधिक
जियोमार्ट कीमत ₹70 या उससे अधिक
फ्लैट 50% छूट
बिंगो! / प्रिंगल्स चिप्स 75 g या उससे अधिक (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹20 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹12 या उससे अधिक
कोल्ड ड्रिंक्स 750 ml / ज्यूसेस 600 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹40 या उससे अधिक
फ्लैट 25% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹30 या उससे अधिक
महाकोश सोयाबीन तेल 840 g / फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों का तेल 1 L
एमआरपी ₹164 / ₹205
जियोमार्ट कीमत ₹127/ ₹167
बचाइए ₹37 / ₹38
मक्केन फ्रेंच फ्राइज़ 420 g
एमआरपी ₹125
जियोमार्ट कीमत ₹49
बचाइए ₹76
ट्रेसमे / हिमालय / डव शैम्पू 340 ml (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹310 या उससे अधिक
फ्लैट 33% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹207 या उससे अधिक
टाइड 6 kg + 2 kg / सर्फ एक्सेल डिटर्जेन्ट पाउडर 7 kg / एरियल / सर्फ एक्सेल मैटिक लिक्विड 4 L / कम्फर्ट फैब्रिक कंडीशनर 2 L (चुनिंदा प्रकार)
एमआरपी ₹550 या उससे अधिक
फ्लैट 40% छूट
जियोमार्ट कीमत ₹330 या उससे अधिक
नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 25 मई 2025 तक चुनिंदा पिन कोड पर मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## भारतीय म्यूचुअल फंड का एयूएम बढ़ 70 लाख करोड़

**कोलकाता।** आपदा प्रबंधन सेवा एवं समाधान प्रदान करने वाली इक्रा एनालिटिक्स का कहना है कि भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) उद्योग की प्रबंधन अधीन संपत्ति (एयूएम) मार्च 2025 तक 22.5 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 70 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गईं। एयूएम में अप्रैल 2025 में 23.80 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसके बाद सतत रूप से खुले इक्विटी कोष का स्थान रहा। इसमें कहा गया कि अप्रैल 2025 तक फोलियो की संख्या में 30.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इस दौरान ऋण-उन्मुख योजनाओं के फोलियो की संख्या में 1.15 प्रतिशत की गिरावट आई।

# 350 बेड के इट्सा हॉस्पिटल्स का भव्य शुभारंभ, छत्तीसगढ़ को हेल्थकेयर में नई सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधानसभा रोड स्थित अंबुजा मॉल के सामने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के हेल्थकेयर सेक्टर को एक नई पहचान मिली जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इट्सा हॉस्पिटल्स का भव्य उद्घाटन किया। यह 350 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल अब राज्य में चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

उद्घाटन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर इट्सा हॉस्पिटल्स के निदेशक सुनील बालानी, डॉ. राजकुमार बरनवाल, डॉ. सचिन पिटलावार और विनिता बालानी ने अस्पताल की विशेषताओं और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। अस्पताल को तीन यूनिट में विभाजित किया गया है – पहला खंड नवजात और बच्चों के लिए, दूसरा खंड वयस्क मरीजों के लिए और तीसरा खंड वेलनेस व रोबोटिक रिहैब सेंटर के रूप में। अस्पताल में एनआईसीयू की 90 बेड की व्यवस्था की गई है, जो सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा एनआईसीयू है और यह अत्याधुनिक आईएनओ मशीनों से लैस है, जो 500 ग्राम तक के नवजात को भी बचा सकती है।

### अस्पताल को तीन यूनिट में विभाजित किया गया

#### वयस्क मरीजों के लिए वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

वयस्क मरीजों के लिए कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और कैंसर जैसी बीमारियों के इलाज की विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एंजियोप्लास्टी के लिए विशेष आईवस और रोटाप्रो मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उपचार की सफलता दर बढ़ जाती है।





*आईसीयू से लेकर मोबाइल तक- रियल टाइम मॉनिटरिंग : आईसीयू में अत्याधुनिक हाई-एंड मॉनिटरिंग सिस्टम लगाए गए हैं, जो मरीजों के वाइटल्स रियल टाइम में डॉक्टरों के मोबाइल तक भेजते हैं। साथ ही आईसीयू स्टाफ और 24x7 विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी इसे और भी प्रभावशाली बनाती है।*

#### देश का पहला रोबोटिक रिहैब सेंटर वाला अस्पताल

रोबोटिक रिहैब सेंटर, जो सर्जरी के बाद मरीजों की तीव्र रिकवरी में सहायक है, इसे सेंट्रल इंडिया का पहला अस्पताल बनाता है जिसमें यह सुविधा उपलब्ध है।

#### ब्रेन ट्यूमर से लेकर लकवे तक-हर समाधान एक छत के नीचे

अस्पताल में ब्रेन ट्यूमर सर्जरी के लिए विश्व प्रसिद्ध 'कार्ल जैस' का एडवांस माइक्रोस्कोप लगाया गया है और लकवे के मरीजों के लिए विशेष ब्रेन स्ट्रोक यूनिट की व्यवस्था की गई है, जहां समय पर उपचार से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकते हैं।


**JAMSHEDPUR NOTIFIED AREA COMMITTEE**
**New Kalimati Road, Sakchi-831001**
**E- mail ID-jnacjsr@gmail.com**

**Very Short E- Procurement Notice**
**Tender Notice**

**NIT No- JNAC/03/2025-26** **Date-23.05.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Faecal Sludge and Septage Management Under Jamshedpur Notified Area Committee (JNAC), Hurlung Jamshedpur. (3rd Call) |
| 2. | Estimated Cost (rs.) | Construction cost with operation & maintenance cost of one year total Rs. 3,33,49,799.00 |
| 3. | Cost of Bid Document (INR) | INR 10,000/- (Ten thousand Only) Non-Refundable. |
| 4. | Bid Security (INR) | Bid Security: Rs 3,33,497.00 |
| 5. | Time of Completion | 1Year |
| 6. | Date/Time of publication of tender on website | 24.05.2025 at 05:00 Pm |
| 7. | Document downloading Start date | 24.05.2025 at 05:00 Pm |
| 8. | Pre bid meeting date, Time & venue | 26.05.2025 at 03:00 Pm, JNAC Conference Hall |
| 9. | Bid Submission Start date | 27.05.2025 at 05:00 Pm |
| 10. | Bid Submission end date | 09.06.2025 at 05:00 Pm |
| 11. | Bid Opening date | 10.06.2025 (Online) 03:00PM |
| 12. | Mode of Submission of bids | E-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 13. | Name and address of office inviting tender | Deputy Municipal Commissioner, Jamshedpur Notified area Committee, Jamshedpur. |
| 14. | Contact No. of procurement officer | |
| 15. | Helpline No. of E-procurement cell | |

Note- 1. Only E-tender will be accepted, further details can be seen on website (http://jharkhandtenders.gov.in)

**Deputy Municipal Commissioner,**
**Jamshedpur Notified Area Committee,**
**Jamshedpur.**

PR 353343 Urban Development(25-26).D


# आरसीपी इंफ्राटेक : वीआईपी सिटी में रजिस्ट्री व पीएलसी पर 50 प्रतिशत की छूट



VIP CITY
A City in The City

■ विला पर 5 लाख तक का डिस्काउंट

**रायपुर।** आरसीपी इंफ्राटेक की ओर से सड्डू स्थित वीआईपी सिटी टाउनशिप में आयोजित प्रॉपर्टी फेस्ट में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खास मौके पर रेसिडेंशियल प्लॉट्स, विला और कमर्शियल प्रॉपर्टीज पर आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं। कंपनी की ओर से बताया गया कि इस दौरान साइट विजिट करने वाले ग्राहकों को लोकेशन, कनेक्टिविटी और सुविधाएं काफी पसंद आईं। फेस्ट में बुकिंग कराने वाले ग्राहकों को रजिस्ट्री और पीएलसी पर 50% की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही विला खरीदने पर 5 लाख रुपए तक का डायरेक्ट डिस्काउंट ऑफर किया गया है। उपलब्ध विकल्पों में 1000 और 1200 स्क्वायर फीट के प्लॉट्स, साथ ही 2, 3 और 4 बीएचके विला शामिल हैं। प्रॉपर्टी फेस्ट में कमर्शियल शॉप्स और ऑफिस स्पेस के विकल्प भी उपलब्ध हैं, जो छोटे निवेशकों और व्यवसायिक यूज़र्स के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

आरसीपी इंफ्राटेक के सीएमडी राकेश पांडे ने बताया कि वीआईपी सिटी में क्वालिटी लिविंग पर खास ध्यान दिया गया है और इस फेस्ट को लोगों का जबरदस्त रिस्पांस मिला है। खासकर मिनिमम मेंटेनेंस वाले प्लॉट्स को लेकर लोग काफी उत्साहित हैं।

# एक्सिस बैंक सेना की पेंशन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए बनाएगा केंद्र

■ निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में सेना के दिग्गजों और उनके परिवारों के लिए एक समर्पित पहल

**रायपुर।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने सेना के दिग्गजों और उनके परिवारों के लिए एक समर्पित पहल, प्रोजेक्ट नमन का समर्थन करने के लिए भारतीय सेना और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू समारोह में लेफ्टिनेंट जनरल रणजीत सिंह, डीजी डीसी एंड डब्ल्यू; ब्रिगेडियर मंदीप सिंह, एसएम, ब्रिग,



डीआईएवी; मोहित जैन, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट - भारत बैंकिंग, एक्सिस बैंक और हरीश ओबेरॉय, वाइस प्रेसिडेंट, सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज़ इंडिया लिमिटेड उपस्थित थे। इस परियोजना के तहत, एक्सिस बैंक सेना के दिग्गजों, युद्ध विधवाओं और एनओके को आवश्यक सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधा केंद्रों की स्थापना का समर्थन करेगा। 2023 में शुरू किया गया प्रोजेक्ट नमन, रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए डिजिटल पेंशन सिस्टम स्पर्श (सिस्टम फॉर पेंशन एडमिनिस्ट्रेशन – रक्षा) को लागू करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य रक्षा कर्मियों के लिए पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं को सुगम बनाना है।


**कार्यालय कलेक्टर**
**महिला एवं बाल विकास विभाग जिला-बीजापुर**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**
**Phone Number Fax Number 07853-220346**
**E-mail ID- bijapurdwcdo@gmail.com**

क्रमांक /102/मबावि / मि.वा. /2025-26 बीजापुर, दिनांक 22/05/2025

**देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के अस्थाई संरक्षण के लिये भावी-अभिभावकों से आवेदन आमंत्रण**

जिले में संचालित किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम अंतर्गत पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत देखरेख और संरक्षण की अवश्यकता वाले बालकों को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम तथा मॉडल गाइड लाइन फॉर फॉस्टर केयर के प्रावधानानुसार अस्थाई संरक्षण में दिये जाने हेतु Foster Care में भारतीय दम्पति आवेदन कर सकते है।

Foster Care परिवार का दायित्व होगा कि वह बालक को समुचित भोजन, वस्त्र, आश्रय, शिक्षा / उच्च शिक्षा, देखभाल एवं संरक्षण, आवश्यकतानुसार सभी प्रकार की चिकित्सा / उपचार, आयु एवं रूचि अनुसार व्यवसायिक प्रशिक्षण, बालक की विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति, बालक की शोषण / दुर्व्यवहार/ हानि /उपेक्षा से सुरक्षा तथा बालक एवं उसके जैविक परिवार की निजता का सम्मान करें। इसके साथ ही फास्टर केयर मार्गदर्शिका में उल्लेखित सभी दायित्व एवं शर्तों तथा बालक कल्याण समिति एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई के निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा।

ऐसे भारतीय दंपति जो देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों को अस्थाई रूप से संरक्षण में लेना चाहते है, वे **कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल जिला-बीजापुर (छ.ग.)** में संपर्क कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है। आवेदन के पश्चात उक्त अधिनियम एवं गाइड लाइन के प्रकाश में गृह अध्ययन प्रतिवेदन तथा स्पान्सरशिप एवं फास्टर केयर अनुमोदन समिति की अनुशंसा के आधार पर जिले की बालक कल्याण समिति द्वारा देखरेख एवं संरक्षण हेतु बालक, संबंधित दंपति को Foster Care में दिया जा सकेगा।

**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**
**जिला बीजापुर (छ.ग.)**

G-252601093/3



**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास शाखा), जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

क्रमांक/2456/आवि/निर्माण/न.क्र.-/2025-26 रायगढ़, दिनांक 22/5/2025

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से जिले के अन्तर्गत संचालित निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 13/06/2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | लागत (लाखों मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 168974 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास धौराभांठा वि.ख. तमनार भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |
| 2 | 168973 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास तमनार वि.ख. तमनार भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |
| 3 | 168971 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास घरघोड़ा वि.ख. घरघोड़ा भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |
| 4 | 168976 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास लैलूंगा वि.ख. लैलूंगा भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |
| 5 | 168970 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास घटगांव वि.ख. लैलूंगा भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |
| 6 | 168975 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बाकारूमा वि.ख. धरमजयगढ़ भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |
| 7 | 168972 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास धरमजयगढ़ वि.ख. धरमजयगढ़ भवन निर्माण कार्य। | 189.767 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी Portal : http://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास रायगढ़**

G-252601106/3



**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग**
**नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0) दूरभाष (का.) 07712439565, 07712331204, वेबसाइटः www.psc.cg.gov.in**

क्रमांक I/34974/2025/01/परीक्षा/2025 रायपुर, दिनांक 22-05-2025

**सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)-2025 की समय-सारणी**

आयोग कार्यालय द्वारा सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)-2025 के रिक्त 30 पदों की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन क्रमांक 01/2025/परीक्षा दिनांक 03.03.2025 जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन में सहायक संचालक उद्योग/प्रबंधक (वाणिज्य एवं उद्योग विभाग)-2025 की लिखित परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र रायपुर का लेख किया गया था। आयोग कार्यालय में प्राप्त ऑनलाईन आवेदन संख्या के आधार पर उक्त पदों की लिखित परीक्षा दिनांक 06 जुलाई 2025 को संभाग मुख्यालय जिला-सरगुजा (अम्बिकापुर), बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर (जगदलपुर) एवं रायपुर (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी समय-सारिणी निम्नानुसार हैः-

| DATE | DAY | TIME | SUBJECT |
|---|---|---|---|
| 06.07.2025 | SUNDAY | 10:00 AM TO 01:00 PM | PART-1 GENERAL KNOWLEDGE OF CHHATTISGARH PART-2 APTITUDE TEST |

उक्त परीक्षा हेतु आयोग कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 10 दिवस पूर्व जारी किए जावेंगे। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

Digitally signed by HEMLAL DHRUW
Date: 22-05-2025 12:24:23

**छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)**

G-252601111/3



**कार्यालय,कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

**सामग्री निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02**
**(प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक 762/तक./निविदा/ग्रायांसेवा/2025 कबीरधाम, दिनांक 23/05/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से ठेकेदारों/ प्रदायकर्ता/ प्रतिष्ठानों/ सामग्री निर्माताओं एवं अधिकृत विक्रेताओं जिनका पंजीयन वाणिज्यकर विभाग / जी.एस.टी. छत्तीसगढ़ में हो मनरेगा अंतर्गत निम्न भवन निर्माण हेतु सामग्री, की निविदा फार्म "सी" में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 10-06-2025 शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16.06.2025 को समय 12:00 बजे से खोली जावेगी। आवश्यक सामग्रियों का विवरण तथा निविदा की सामान्य शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 26.05.2025 से देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम एवं ग्राम | अनुमानित लागत प्रत्येक कार्य हेतु (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | मिनी स्टेडियम भाग-02 बाउण्ड्रीबण्ड एवं मैदान समतलीकरण कार्य विकासखण्ड- कवर्धा अंतर्गत ग्राम घुघरीकला, अमलीडीह, विकासखण्ड- बोड़ला अंतर्गत ग्राम तितरी, कांसीपानी कामाडबरी, | 12.17 |
| | मिनी स्टेडियम भाग-02 बाउण्ड्रीबण्ड एवं मैदान समतलीकरण कार्य विकासखण्ड स.लोहारा अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी, | 11.21 |

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग कवर्धा**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

G-252601108/1



डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**-: निविदा सूचना :-**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 99/167868 | S/R MOW WORK IN VARIOUS BUILDING AT KHARORA SECTION UNDER VIDHANSABHA SUB DN., RAIPUR (C.G.) | रू. 24.95 लाख |
| 87/168068 | SUPPLY OF MATERIAL TO SECTIONAL STORES UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISIONAL NO.-2 & CENTRAL STORE SUB DIVISION, RAIPUR (C.G.) | रू. 12.00 लाख |
| 85/168070 | PETTY BAZAR SUPPLY UNDER PWD ENGINEERING COLLEGE SUB DIVISION NAVA RAIPUR (C.G.) | रू. 19.99 लाख |
| 86/168071 | PETTY BAZAR SUPPLY IN ARANG SECTION NO.- 02 & KHARORA SRCTION UNDER SUB DIV. NO.4 (ARANG) RAIPUR (C.G.) | रू. 12.00 लाख |
| 93/168072 | PETTY BAZAR SUPPLY ARTICLES FOR RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING AT RAJBHAWAN UNDER_P.W.D. CONSTRUCTION SUB DIVISION NO. 2, RAIPUR (C.G.). YEAR 2025-26 | रू. 15.00 लाख |
| 64/168120 | SUPPLY & FIXING OF (NON SOR ITEM ) SANITARY AND WATER SUPPLY WORK AT FOREST COLONY, MANTRI BANGLOW AND COLLECTOR BANGLOWS, UNDER P.W.D.CONSTRUCTION SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) | रू. 15.00 लाख |
| 47/168271 | PETTY BAZAR SUPPLY ARTICLES FOR RESIDENTIAL AND NON RESIDENTIAL BUILDING UNDER P.W.D. CONSTRUCTION SUB DIVISION NO. 2 AND CENTRAL STORE SUB DIVISION, RAIPUR (C.G.). YEAR 2025-26 | रू. 15.00 लाख |
| 92/168272 | PETTY BAZAR SUPLLY ITEM OF GOVT. ENGINEERING COLLEGE SECTION SEJBAHAR & DIST. HOSPITAL PANDARI SECTION RAIPUR, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG) RAIPUR (C.G.) | रू. 15.00 लाख |
| 104/168214 | BALANCE WORK OF CONSTRUCTION OF 4 NO. GUARD ROOM & RAISING OF BOUNDARY WALL AND TILES WORK AT CIVIL COURT RAIPUR (C.G.) | रू. 35.91 लाख |
| 91/168270 | SUPPLY & FIXING OF (NON SOR ITEM ) SANITARY AND WATER SUPPLY WORK AT RAJBHAWAN, UNDER P.W.D.CONSTRUCTION SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) | रू. 20.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.06.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग,**
**रायपुर मण्डल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)**

G-252601103/4



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट
डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
लिली चौक, रायपुर - 492001
फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में


अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130



## आईपीएल : सनराइजर्स ने 42 रन से जीता मैच, 13 मैचों में पांचवीं जीत

# हैदराबाद ने बेंगलुरु को शीर्ष दो में पहुंचने से रोका, किशन की फिफ्टी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 42 रन से शिकस्त दी। एचआरएच ने छह विकेट पर 231 रन बनाने बाद आरसीबी की पारी को 19.5 ओवर में 189 रन पर समेट दिया। इस हार से आरसीबी के लिए तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की राह कठिन हो गई है। प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी एसआरएच की यह 13 मैचों में पांचवीं जीत है जबकि आरसीबी इतने ही मैचों में आठ जीत और चार हार से 17 अंक लेकर अब तीसरे स्थान पर है।

विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने नाबाद 94 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा (17 गेंद में 34), हेनरिच क्लासेन (24), अनिकेत वर्मा (26 रन) और ट्रेविस हेड (17 रन) ने आक्रामक बल्लेबाजी से आरसीबी के गेंदबाजों पर एसआरएच की पारी की शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। किशन ने क्लासेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 48 और चौथे विकेट के लिए अनिकेत के साथ 17 गेंद में 43 रन की उपयोगी साझेदारियां की।



### पंजाब की 11 साल में पहली बार शीर्ष दो पर नजर, दिल्ली से मुकाबला आज

**जयपुर।** एक दशक की नाकामी के बाद सफलता की नई दास्तान लिख रही पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसकी नजरें 11 साल में पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होंगी। इससे पहले 2014 सत्र में पंजाब टीम लीग में शीर्ष पर रही थी लेकिन फाइनल में हार गई। पंजाब पिछले 18 साल के लीग के इतिहास में एक बार और ही प्लेआफ में पहुंच सकी है। 11 बरस का इंतजार खत्म करने के बाद अब पंजाब की नजरें शीर्ष दो में रहने पर ही नहीं बल्कि एक और फाइनल खेलकर पहला खिताब जीतने पर लगी है।

### सॉल्ट का अर्धशतक

आरसीबी के लिए फिल सॉल्ट ने 32 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 62 रन बनाने के साथ पहले विकेट के लिए विराट कोहली (43 रन) के साथ सात ओवर में 80 रन की साझेदारी की लेकिन टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज उपयोगी योगदान नहीं दे सकें।

### स्कोर बोर्ड

| हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का सॉल्ट बो एनगिडी | 34 | 17 | 3 | 3 |
| हेड का शेफर्ड बो भुवनेश्वर | 17 | 10 | 3 | 0 |
| इशान किशन नाबाद | 94 | 48 | 7 | 5 |
| क्लासेन का शेफर्ड बो सुयश | 24 | 13 | 2 | 2 |
| अनिकेत का भुवनेश्वर बो कृणाल | 26 | 09 | 1 | 3 |
| रेड्डी का कृणाल बो शेफर्ड | 04 | 07 | 0 | 0 |
| मनोहर का सॉल्ट बो शेफर्ड | 12 | 11 | 0 | 1 |
| पैट कमिंस नाबाद | 13 | 06 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 231/6
गेंदबाजी : दयाल 3-0-36-0, भुवनेश्वर 4-0-43-1, एनगिडी 4-0-51-1, सुयश 3-0-45-1, कृणाल 4-0-38-1, शेफर्ड 2-0-14-2.

| बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का हर्षल बो कमिंस | 62 | 32 | 4 | 5 |
| कोहली का अभिषेक बो हर्ष | 43 | 25 | 7 | 1 |
| मयंक का किशन बो रेड्डी | 11 | 10 | 1 | 0 |
| रजत पाटीदार रन आउट | 18 | 16 | 1 | 0 |
| जितेश का मनोहर बो उनादकट | 24 | 15 | 1 | 2 |
| शेफर्ड का एवं बो मलिंगा | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कृणाल पंड्या हिट विकेट | 08 | 06 | 0 | 0 |
| डेविड का क्लासेन बो मलिंगा | 01 | 05 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर कुमार बो कमिंस | 03 | 02 | 0 | 0 |
| दयाल का अनिकेत बो हर्षल | 03 | 06 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 16, कुल : 19.5 ओवर में 189/10
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-28-3, उनादकट 4-0-41-1, हर्षल 3.5-0-39-1, मलिंगा 4-0-37-2, हर्ष 2-0-20-1, रेड्डी 2-0-13-1.

### आईपीएल पाइंट टेबल


| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 9 | 4 | 18 |
| पंजाब | 12 | 8 | 3 | 17 |
| बेंगलुरु | 13 | 8 | 4 | 17 |
| मुंबई | 13 | 8 | 5 | 16 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 6 | 13 |
| लखनऊ | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 13 | 5 | 6 | 12 |
| हैदराबाद | 13 | 5 | 7 | 11 |
| राजस्थान | 14 | 4 | 10 | 8 |
| चेन्नई | 13 | 3 | 10 | 6 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
638 रन
गुजरात

पर्पल कैप



नूर अहमद
21 विकेट
चेन्नई

## श्रीकांत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह 18वें नंबर के पोपोव को 3 सेट में हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत ने शुक्रवार को यहां चुनौतीपूर्ण पुरुष एकल मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग के फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर तीन गेम में जीत दर्ज कर मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

65वीं रैंकिंग पर काबिज श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में दुनिया के 18वें नंबर के पोपोव को कड़ी टक्कर देते हुए एक घंटे 14 मिनट में 24-22, 17-21, 22-20 से शिकस्त दी। अब पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत का सामना अंतिम चार में जापान के



युशी टनाका से होगा। इस तरह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारतीय का यह एक साल में पहला सेमीफाइनल होगा। टनाका ने शनिवार को पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में टोमा जूनियर के भाई क्रिस्टो पोपोव को 21-18, 16-21, 21-6 से पराजित किया था।

### इंग्लैंड ने 565 रन पर घोषित की पारी

**नाटिंघम।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां ट्रेंट ब्रिज पर जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन लंच से पहले छह विकेट पर 565 रन पर पहली पारी घोषित की। पहले दिन के दबदबे भरे प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड ने सुबह तीन विकेट पर 498 रन से खेलना शुरू किया और ओली पोप का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में महज दो रन जोड़ सके और 171 रन पर आउट हुए। कप्तान बेन स्टोक्स नौ रन बनाकर पवेलियन पहुंचे जबकि हैरी ब्रुक ने 50 गेंद में 58 रन की पारी खेली और ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर आउट हुए जिसके बाद इंग्लैंड ने पारी घोषित कर दी।

### डब्लूटीसी फाइनल के लिए श्रीनाथ होंगे मैच रैफरी

**दुबई।** भारतीय टीम भले ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में नहीं पहुंची हो लेकिन पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ मैच रैफरी की भूमिका में भारत की मौजूदगी दर्ज करायेंगे जबकि नितिन मेनन चौथे अंपायर के तौर पर डब्ल्यूटीसी में पदार्पण करेंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने लाड्र्स पर होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया 11 से 15 जून तक पहली दफा फाइनल में पहुंची दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। आईसीसी के कई महत्वपूर्ण टूर्नामेंट के फाइनल में अंपायरिंग कर चुके इंग्लैंड के रिचर्ड केटलबोरो को टीवी अंपायर नियुक्त किया गया। वह डब्ल्यूटीसी 2021 फाइनल में भी इसी भूमिका में थे। मेनन 2021 में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में टीवी अंपायर थे, उन्हें इस मुकाबले के लिए चौथा अंपायर बनाया गया है।

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक)**
**शाखा शारदा चौक, रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग./मुख्या./रायपुर/ऋण-1400 **आम सूचना** दिनांक 22/05/2025

एतद् द्वारा निम्नलिखित कालम 2 एवं 3 में वर्णित ऋणी / संपत्ति के बंधनकर्ता जो कि छ0ग0 राज्य सहकारी बैंक मर्या. शारदा चौक, रायपुर से ऋण प्राप्त किये है, को सूचना दी जाती है कि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन वर्णित प्रावधानों व नियमों के अंतर्गत बैंक ने ऋण बकाया राशि की अदायगी/जमा करने हेतु कालम-5 में वर्णित तिथि को मांग की सूचना पत्र प्रेषित कर कालम-6 में वर्णित राशि की मांग की गई थी। जिसमें ऋणी/जमानतदार संपत्ति के बंधनकर्ता के द्वारा ऋण की अदायगी में असफल / चूक होने पर कालम-4 में वर्णित संपत्तियों को कालम-7 में लिखित तिथि को बैंक ने अपने कब्जे (Possession) में ले लिया है, बैंक नीचे दर्शित ऋणी एवं संपत्ति के बंधनकर्ता को ऋण के अदायगी (Repayment) हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान करती है कि वे ऋण की शेष / बकाया राशि को इस प्रकाशन की तिथि से लेकर 30 दिन के भीतर अवश्य ही जमा कर देवें। इसके पश्चात भी ऋण की अदायगी नहीं होने पर बैंक आगे चलकर कालम-4 वर्णित संपत्ति के बिक्री की प्रक्रिया प्रारंभ करेगी। अतः इस सूचना से अवगत होवें।

अतः विशेषकर ऋणी ऋणियों एवं जमानतदार/जमानतदारों एवं सामान्य में आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध लिखी गई संपत्ति/संपत्तियों बैंक के अधीन (Charge) में है। जिसके ऊपर कोई भी लेन-देन के संव्यवहार न करें। बैंक के जानकारी के बगैर लेन-देन करने के लिये बैंक उत्तरदायी नहीं होगा तथा वह अवैध व शून्य मान्य होगी।

अतः बैंक द्वारा प्रदत्त इस अंतिम अवसर का लाभ ऋणी/संपत्ति बंधनकर्ता अवश्य ही लेवें एवं अप्रिय स्थिति निर्मित होने से बचें।

| क्र. | ऋणी का नाम एवं पता | अचल संपत्ति के बंधनकर्ता का नाम एवं पता | अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण | सिक्यूरटाईजेशन एक्ट की धारा 13(2) के अंतर्गत ऋण की बकाया राशि का मांग करने की तिथि | ऋण की बकाया राशि | बैंक द्वारा अपने कब्जे में लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सुश्री पूजा मिश्रा एवं श्री नीरज तिवारी दोनों पिता श्री संगमलाल तिवारी फ्लैट नं.304, ब्लाक इंद्रप्रस्थ-बी, तृतीय तल सामाज्य रेसिडेंसी खमतराई रायपुर छ.ग. | सुश्री पूजा मिश्रा एवं श्री नीरज तिवारी दोनों पिता श्री संगमलाल तिवारी फ्लैट नं.304, ब्लाक इंद्रप्रस्थ-बी, तृतीय तल सामाज्य रेसिडेंसी खमतराई रायपुर छ.ग. | खसरा नं.479/1, 480/2, 481/2, 489/4 का भाग प.ह.नं.108, फ्लैट नं.304, ब्लाक इंद्रप्रस्थ- बी, तृतीय तल रकबा 1052 वर्गफुट, साम्राज्य रेसिडेंसी, खमतराई रायपुर छ.ग. | 19.02.2025 | 31.01.2025 पर ब्याज सहित कुल देय राशि 30,10,819.00/- एवं भविष्य में लगने वाला ब्याज एवं अन्य व्यय | 19.09.2025 |

स्थान:-रायपुर दिनांक:- 22.05.2025
शाखा प्रबंधक, छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्या, शाखा शारदा चौक, रायपुर

### अगले महीने टेस्ट को अलविदा कहेंगे मैथ्यूज

**कोलंबो।** श्रीलंका के अनुभवी हरफनमौला एंजेलो मैथ्यूज ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ अगले महीने पहले टेस्ट के बाद वह पांच दिनी क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। सैतीस वर्ष के मैथ्यूज हालांकि सफेद गेंद का क्रिकेट खेलते रहेंगे। उनका आखिरी टेस्ट 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा। मैथ्यूज ने 'एक्स' पर लिखा, 'कृतज्ञ हृदय और अविस्मरणीय यादों के साथ। अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप से विदा लूं, अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट देश के लिए मेरा आखिरी टेस्ट होगा।'



## नीरज खिताब से चूके, 84.14 मीटर फेंका भाला

एजेंसी ▶▶| चोरजोव

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा पोलैंड में आयोजित ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में शुक्रवार को यहां जर्मनी के जूलियन वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में अपना भाला 84.14 मीटर की दूरी पर फेंका और दूसरे स्थान पर रहे। नीरज ने इससे पहले अपने



दूसरे और पांचवें प्रयास में क्रमशः 81.28 मीटर और 81.80 मीटर की दूरी तय की। उनके अन्य तीन प्रयास फाउल थे। हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर स्पर्धा में चोपड़ा को हराकर शीर्ष स्थान हासिल करने वाले जर्मनी के जूलियन वेबर दूसरे दौर में 86.12 मीटर की दूरी के थ्रो के साथ फिर से शीर्ष स्थान पर रहे। दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 83.24 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

RCP
INFRATECH PVT. LTD.

VIP CITY
A City in The City

PLOTS -
1000 Sq.ft (92.2 sq.MT)
1200 Sq.ft (111.5 sq. MT)
50 % DISCOUNT ON REGISTRY & PLC

VILLAS -
2 BHK, 3 BHK, 4 BHK
₹5,00,000/-
DIRECT DISCOUNT

SHOPS & OFFICES
STARTS ₹9.99 LACS





Follow us on :
@VIPCITYRPR
CALL-812 000 8290
Member of : CREDAI CHHATTISGARH
RERA REGISTERED PROJECT :
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
(PRIME- 2) RERA NO. : PCGRERA130422001395
www.rera.cgstate.gov.in
A Project by
RCP Infratech Pvt. Ltd.
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in
Scan this QR code to find us Google Maps
फायनेंस उपलब्ध
SBI सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India kotak HDFC HOME LOANS
Follow us on : /vipcityrpr /vipcityrpr
* Terms & Conditions Apply




# बचपन से लेकर बुढ़ापा तक हमारे चेहरे में क्या नहीं बदलता, बिल्कुल रहता है एक जैसा

लंदन। बचपन से बुढ़ापे तक हमारे चेहरे में कुछ खासियतें होती हैं, जो सामान्य रूप से बहुत कम बदलती हैं। यही हमारे चेहरे की मूल पहचान भी बन जाती हैं। ये करीब एक जैसी ही रहती हैं। यूं तो मानव चेहरा और शरीर उम्र के साथ कुछ ना कुछ बदलता रहता है। लेकिन, इस चेहरे में कुछ ऐसी बातें होती हैं जो बचपन में भी वैसी ही होती हैं और बुढ़ापे में भी। आइए जानते हैं कि वो चीजें क्या हैं जो चेहरे पर कभी नहीं बदलतीं।

## आंखों की बनावट

आंखों का आकार, उनकी स्थिति और पुतलियों का रंग आमतौर पर जीवनभर स्थिर रहता है। बेशक, उम्र के साथ आंखों के आसपास की त्वचा में झुर्रियां या ढीलापन आ सकता है, लेकिन आंखों की मूल संरचना में बदलाव नहीं होता। आंखों का रंग मुख्य रूप से आनुवंशिक कारकों द्वारा तय होता है। यह माता-पिता से मिले जीन, विशेष रूप से ओसीए2 और एचईआरसी2 जैसे जीन द्वारा नियंत्रित होता है। ये जीन मेलेनिन की मात्रा और प्रकार को नियंत्रित करते हैं, जो आंखों की पुतली में मौजूद होता है। मेलेनिन एक रंगद्रव्य यानि पिगमेंट है जो आंखों के रंग को तय करता है। ज्यादा मेलेनिन होने पर आंखें भूरी या काली दिखती हैं, कम मेलेनिन होने पर नीली या हरी।



## चेहरे की हड्डियों पर क्या कहती है रिसर्च

चेहरे की हड्डियां किशोरावस्था (13-18 वर्ष) तक विकसित होती हैं। करीब 18-25 वर्ष की उम्र तक स्थिर हो जाती हैं। इसके बाद हड्डियों की संरचना में कोई बड़ा बदलाव नहीं होता, सिवाय उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों के घनत्व) में कमी के। एक अध्ययन में पाया गया कि चेहरे की हड्डियों की संरचना आनुवंशिक बातों पर निर्भर करती है। ये जीवनभर अपेक्षाकृत स्थिर रहती है, जो चेहरा पहचान के लिए मायने रखती है।

## कान की संरचना

कान की हड्डी और उपास्थित की बनावट भी ज्यादातर स्थिर रहती है। हालांकि, उम्र के साथ कान का आकार थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन उनकी मूल आकृति में ज्यादा बदलाव नहीं होता।

**चेहरे की हड्डियों की संरचना :** चेहरे की हड्डियों (जैसे जबड़े, गाल की हड्डियां और माथे की संरचना) की मूल बनावट जीवनभर लगभग एक जैसी रहती है।



## आंखों पर क्या हुआ रिसर्च

नेचर जेनेटिक्स में वर्ष 2008 में प्रकाशित शोध के अनुसार, आंखों का रंग ओसीए2 और एचईआरसी2 जीन द्वारा नियंत्रित होता है, जो मेलेनिन की मात्रा को तय करते हैं, लेकिन ये मेलेनिन 3-6 वर्ष की उम्र तक स्थिर हो जाता है। वहीं, एक और रिसर्च कहती है कि आंख की पुतली की (आइरिस पैटर्न) की जटिलता और विशिष्टता इसे बॉयोमैट्रिक पहचान के लिए सबसे विश्वसनीय बनाती है। आइरिस स्कैनिंग का उपयोग हवाई अड्डों, आधार कार्ड, और अन्य सुरक्षा प्रणालियों में होता है, क्योंकि यह जीवनभर स्थिर और अद्वितीय होता है।

## चेहरे को लेकर क्या कहते हैं शोध

एक अध्ययन में पाया गया कि चेहरे की कुछ विशेषताएं जैसे आंखों की स्थिति, नाक और मुंह के बीच की दूरी और चीकबोन्स का आकार आनुवंशिक तौर पर तय हो जाते हैं। फिर ये उम्र बढ़ने के बावजूद स्थिर रहते हैं। उम्र बढ़ने के साथ त्वचा की लोच, चर्बी और मांसपेशियों की टोन में बदलाव होता है, जिससे चेहरा अलग दिख सकता है, लेकिन मूल ज्यामितीय संरचना नहीं बदलती। जर्नल ऑफ फोरेंसिक साइंसेज (2015) में एक अध्ययन में यह दिखाया गया कि फोरेंसिक चेहरा पहचान में इन स्थिर विशेषताओं का उपयोग लंबे समय तक गायब लोगों की पहचान के लिए किया जा सकता है। चेहरा पहचान तकनीक में इन स्थिर विशेषताओं का उपयोग सुरक्षा और निगरानी प्रणालियों में होता है। प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी जर्नल में 2012 में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि उम्र बढ़ने के साथ त्वचा में झुर्रियाँ, ढीलापन और चर्बी जरूर घटती है लेकिन चेहरे की हड्डियों की संरचना और आंखों की स्थिति जैसी विशेषताएं बिल्कुल वैसी ही बनी रहती हैं।

# हाईकोर्ट ने प्रभारी कुलसचिव की याचिका खारिज की, कहा-अपेक्षित योग्यता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर


हाईकोर्ट ने रविशंकर विश्व विद्यालय के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता कुलसचिव पद के लिए आवश्यक अनुभव के संबंध में अपेक्षित योग्यता पूरी नहीं कर पा रहा है, इसलिए उसे रजिस्ट्रार पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता।



रविशंकर विश्व विद्यालय के प्रभारी कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल पीएससी परीक्षा के माध्यम से कुलसचिव के पद पर चयनित हुए थे। विवि में ही पदस्थापना नहीं किये जाने पर उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली। कोर्ट के निर्णय के बाद उन्हें उच्च शिक्षा संचालनालय में भेज दिया गया। इसके बाद शासन ने डिवीजन बेंच में अपील की। डीबी ने उच्च शिक्षा विभाग को दोनों मामलों का विधिवत निराकरण करने का निर्देश दिया। इस बीच विधिवत रजिस्ट्रार पद नहीं दिए जाने पर पटेल ने हाईकोर्ट में दो अलग अलग रिट पिटीशन 2022 और 2023 में लगाई। इन दोनों पर एक साथ सुनवाई चल रही थी। 6 मार्च को हाईकोर्ट ने अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया था। कल 22 मई को इसे जारी किया गया।

जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि राज्य या उसके विभाग चयनित उम्मीदवार को मनमाने ढंग से नियुक्ति से इनकार नहीं कर सकते। इसलिए, जब चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति से इनकार करने के संबंध में राज्य की कार्रवाई को चुनौती दी जाती है, तो राज्य पर अपने निर्णय को उचित ठहराने का भार होता है। सामान्य कानून है कि कोई भी उम्मीदवार जिसने किसी पद के लिए अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की है। भले ही वह उक्त पद के लिए चयनित हो जाए, तो उसे उक्त पद पर नियुक्ति पाने का कोई अधिकार नहीं मिलेगा। ऐसे कई पहलू हैं जिनके आधार पर किसी व्यक्ति को उसके चयन के बाद भी नियुक्ति से वंचित किया जा सकता है। मामले के समग्र तथ्यों और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए और सुप्रीम कोर्ट द्वारा उमेश कुमार व तेज प्रकाश पाठक के मामलों में निर्णयों पर विचार करते हुए कोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता अनुभव के संबंध में अपेक्षित योग्यता को पूरा नहीं कर रहा है, इसलिए उसे विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्त नहीं किया जा सकता।

# 800 साल पुरानी महिला की ममी का अध्ययन कर रहे थे साइंटिस्ट गाल पर मिले टैटू ने चौंकाया



रोम। ममीकरण वह प्रक्रिया है जिसमें किसी जीव का शव इस तरह से रखा जाता है, जिससे शव को अन्य जीव और कीटाणु ना खांए और ना ही शरीर के किसी हिस्से पर किसी तरह का रासायनिक प्रतिक्रिया या बदालव हो। पुरानी कई सभ्यताओं में शवों को ममी की तरह रखने जाने का रिवाज़ होता था।आज के वैज्ञानिक इन ममियों का अध्ययन करके उस दौर के इतिहास के बारे में जानने की कोशिश करते हैं। ऐसे ही एक अध्ययन में शोधकर्ताओं को एक पुरानी ममी में ऐसा टैटू देखा है, जिसके स्याही आज भी साफ साफ दिख रही है। वैज्ञानिक हैरान है कि आखिर यह किस तरह कि स्याही थी जो आज तक बनी रह गई?

## गहराई तक असर था स्याही

## कितनी पुरानी है ये ममी?

यह ममी दक्षिण अमेरिकी महिला की है, जिसकी ममी 800 साल पहले बनाई गई थी। एक करीब एक सदी पहले ही इटली के एक म्यूजियम को दान में दिया गया था। वैसे तो टैटू में स्याही का इस्तेमाल करीब एक हजार साल पहले से होता आ रहा है। लेकिन, इस ममी में टैटू वैज्ञानिकों के लिए कई लिहाज से रहस्यमयी है।

## कैसे हुई टैटू की पहचान?

इटली के ट्यूरिन विश्वविद्यालय के जियानलुइगी मंगियापेन की अगुवाई में मानवविज्ञानी और पुरातत्वविदों की एक टीम ने ममी पर अनोखे टैटू डिज़ाइन पाए हैं। उन्हें असामान्य रूप से अच्छी तरह से संरक्षित किया गया था। ममीकरण प्रक्रिया ने उसकी त्वचा को काला कर दिया है, जिससे टैटू को देखना मुश्किल हो गया है। लेकिन, कई सारी इमेजिंग तकनीकों के साथ, शोधकर्ता बेमिसाल डिज़ाइनों की बेहतर तस्वीर हासिल करने में कामयाब रहे।

## कैसा था महिला का शव का हाल?

शव को बैठी हुई अवस्था में पाया गया था, उसके साथ कोई अंतिम संस्कार संबंधी आवरण, आभूषण या कब्र का सामान नहीं था। लेकिन, उसके कपड़े के कुछ टुकड़े शरीर की सतह पर चिपके हुए थे। शोधकर्ताओं का मानना है कि कपड़े लंबे समय से खोए हुए पशु फाइबर के आवरण या बंडल के हो सकते हैं।




# जापानी बाबा वेंगा की डरावनी भविष्यवाणी, दो महीने के भीतर आएगी भयानक सुनामी

टोक्यो। बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस समेत कई भविष्यवक्ताओं ने साल 2025 को लेकर बेहद डरावनी भविष्यवाणियां की हैं। अब इस बीच जापान की मशहूर भविष्यवक्ता रियो तात्सुकी ने एक नई भविष्यवाणी की है, जिसने पूरी दुनिया को डरा दिया है। जापान की भविष्यवक्ता रियो तात्सुकी को लोग जापानी बाबा वेंगा कहते हैं। उन्होंने अपनी किताब में सालों पहले कई ऐसी भविष्यवाणी की थीं, जो सच साबित हुईं।

## दक्षिणी सागर में समुद्र उबलने लगेगा

रियो तात्सुकी की पुस्तक में किए गए दावों के मुताबिक, जुलाई 2025 में जापान के दक्षिणी सागर में समुद्र उबलने लगेगा, जिसके बाद पानी के नीचे एक ज्वालामुखी फटेगा। इससे भयंकर सुनामी उठेगी। इसके कारण जापान के दक्षिणी द्वीप, ताइवान के तटवर्ती क्षेत्र और इंडोनेशिया के कुछ इलाके प्रभावित होंगे। तात्सुकी ने दावा किया है कि यह 2011 की फुकुशिमा सुनामी से भी ज्यादा घातक हो सकती है। उन्होंने कहा कि अगर तैयारी नहीं की गई, तो हजारों लोगों की मौत हो सकती है।



## कौन हैं रियो तात्सुकी?

रियो तात्सुकी 1980 के दशक में एक मांगा आर्टिस्ट थीं। इस दौरान उन्होंने सपनों में भविष्य देखना शुरू कर दिया। वह जो कुछ सपनों में देखतीं उसे डायरी में नोट करती रहतीं। जब उनकी भविष्यवाणियां सच साबित हुईं, तो उन्हें जापान की सबसे रहस्यमयी भविष्यवक्ता माना जाने लगा।

## गंभीरता से लेना चाहिए चेतावनी को

भविष्यवक्ता रियो तात्सुकी की किताब 'जो भविष्य मैंने देखा' 1999 में प्रकाशित हुई थी। शुरुआत में इस किताब को सिर्फ एक कल्पना माना गया था, लेकिन 2011 में जापान में जब सुनामी आई और किताब में दर्ज भविष्यवाणी से उसकी तारीख मिलने पर इसे प्रत्याशित चेतावनी के तौर देखा जाना लगा। इस किताब में आपदाओं की तारीख और स्वरूप का वर्णन किया गया है। कई प्राकृतिक और मानव-निर्मित घटनाओं का भी जिक्र है। चेतावनियों को कला के माध्यम से पेश किया गया है। जुलाई 2025 की इस सुनामी चेतावनी ने पर्यटकों की चिंता बढ़ा दी है। कई लोगों का कहना है कि रियो तात्सुकी की भविष्यवाणियां पहले भी सच साबित हुई हैं। इसलिए इस बार भी उनकी चेतावनी गंभीरता से लेना चाहिए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com